■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी..

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in
(वर्ष-9 अंक -43
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 25 नवंबर , 2024



सीसामऊ से विधायक बनीं नसीम सोलंकी

नसीम सोलंकी ने भाजपा के प्रत्याशी सुरेश अवस्थी को 8629 वोट से हराया 7 | डेढ़ साल बाद कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा 8

## संभल में शाही जामा मस्जिद सर्वे के दौरान भड़की हिंसा की आग

### तीन लोगों की मौत, महिलाओं समेत कई लोग हिरासत में लिए गए



संभल ।उत्तर प्रदेश के संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर बवाल मचा हुआ है।रविवार को एक टीम दूसरी बार मस्जिद का सर्वे करने पहुंची। इस दौरान भीड़ ने उनपर पत्थरबाजी की।

पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और हल्का बल प्रयोग किया। इससे माहौल और बिगड़ गया।

पुलिस और भीड़ के बीच हुई झड़प में तीन लोगों के मरने की पुष्टि हुई है। जिले के एसपी ने इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि झड़प में नोमान, बिलाल और नईम की मौत हो गयी है। बताया जा रहा है कि एसपी समेत कई पुलिस वाले भी झड़प में घायल हुए हैं।

अधिकारी ने बताया कि दस लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि महिलाएं अपने घरों की छत से पुलिस पर पथराव कर रही थीं। अधिकारी ने बताया कि 300 के करीब लोग मस्जिद के बाहर जमा हुए थे। इन्होंने पुलिस वालों को टारगेट किया।

संभल में पथराव की घटना पर एसपी कृष्ण कुमार ने कहा, पत्थरबाजों ने पुलिसकर्मियों की गाड़ियों में आग लगाकर उन्हें निशाना बनाने की कोशिश की है। उनके खिलाफ एनएसए के तहत कार्रवाई की जाएगी। ड्रोन से वीडियोग्राफी की गई है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से इन सभी लोगों की पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने राजनीतिक दलबदलुओं के मन से कानून का डर समाप्त किया : राउत




मुंबई ।शिवसेना नेता संजय राउत ने पूर्व प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने महाराष्ट्र में दल-बदल करने वाले नेताओं के मन से कानून का डर खत्म कर दिया था। राउत ने दावा किया कि अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय नहीं करके चंद्रचूड़ ने दलबदल के लिए दरवाजे और खिड़कियां खुली रखीं। शिवसेना (उबाठा) के नेता राउत का यह बयान राज्य विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी की करारी हार के बाद आया है, जहां महा विकास आघाडी (एमवीए) के तहत उसने 95 सीट पर चुनाव लड़ा था लेकिन केवल 20 सीट पर ही जीत हासिल कर सकी।

एमवीए के अन्य गठबंधन सहयोगियों का प्रदर्शन भी कुछ बेहतर नहीं रहा। कांग्रेस ने 101 में से केवल 16 सीट जीतीं और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने 86 सीट में से केवल 10 सीट जीतीं। राउत ने पत्रकारों के साथ बातचीत में आरोप लगाया, ''उन्होंने (चंद्रचूड़) दलबदलुओं के मन से कानून का डर खत्म कर दिया। उनका नाम इतिहास में काले अक्षरों में लिखा जाएगा।'' वर्ष 2022 में अविभाजित शिवसेना में विभाजन के बाद, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले पार्टी के गुट ने एकनाथ शिंदे के साथ दलबदल करने वाले पार्टी विधायकों की अयोग्यता पर उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की।

शीर्ष अदालत ने अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला करने का दायित्व विधानसभा अध्यक्ष पर छोड़ था। विधानसभा अध्यक्ष ने शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को ''असली राजनीतिक दल'' घोषित किया था। राउत ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव के नतीजे पहले से तय थे। उन्होंने कहा कि अगर तत्कालीन पूर्व न्यायाधीश ने अयोग्यता याचिकाओं पर समय पर फैसला किया होता, तो परिणाम अलग होते।

उन्होंने कहा, ''हम दुखी हैं, लेकिन निराश नहीं हैं। हम लड़ाई को अधूरा नहीं छोड़ेंगे। मतों का विभाजन भी एक कारक था और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जहरीले अभियान ने हम पर नकारात्मक प्रभाव डाला।'' राउत ने कहा कि नयी सरकार का शपथग्रहण समारोह पड़ोसी गुजरात में होना चाहिए। इस बीच, पार्टी के मुखपत्र 'सामना' में अपने साप्ताहिक स्तंभ 'रोखठोक' में शिवसेना (उबाठा) नेता राउत ने दावा किया कि निर्वाचन आयोग के प्रति संवेदना व्यक्त करने का समय आ गया है, जिसने धनबल के इस्तेमाल पर आंखें मूंद लीं। उन्होंने आरोप लगाया, ''अदालतें लंबे समय से आईसीयू में हैं।

## छतरपुर:बागेश्वर धाम के पीठाधीश धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की यात्रा के दौरान बालकनी गिरी, आठ लोग घायल

छतरपुर। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में शनिवार शाम को बागेश्वर धाम के पीठाधीश धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की पद यात्रा के दौरान एक बालकनी गिरने से आठ लोग घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब लोग शास्त्री की यात्रा देख रहे थे।बागेश्वर धाम सरकार के नाम से मशहूर शास्त्री ने नौ दिवसीय 'हिंदू एकता पद यात्रा' निकाली है। छतरपुर के जिला अस्पताल के सिविल सर्जन जीएल अहिरवार ने बताया, यह घटना नौगांव के रंगरेज मोहल्ले में उस समय घटी जब कुछ लोग बालकनी में खड़े होकर यात्रा देख रहे थे। इस घटना में आठ लोग घायल हो गए, जिनमें से किसी की हालत गंभीर नहीं है। उनके मुताबिक, नौगांव में 10 व जिला अस्पताल में पांच का इलाज किया जा रहा है। यह घटना नौगांव के रंगरेज मोहल्ले में उस समय घटी जब कुछ लोग बालकनी में खड़े होकर यात्रा देख रहे थे। इस घटना में आठ लोग घायल हो गए, जिनमें से किसी की हालत गंभीर नहीं है।

## हेमंत सोरेन ने पेश किया सरकार बनाने का दावा, 28 नवंबर से संभालेंगे झारखंड की कमान

झारखंड। झारखंड विधानसभा चुनाव में जीत के बाद रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। उन्होंने राजभवन जाकर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की और मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया। इसके बाद हेमंत ने सरकार बनाने का दावा पेश किया। वह 28 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। बता दें, झारखंड विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक ने 56 सीटों पर जीत हासिल की। राज्य के गठन के बाद यह पहला मौका है, जब किसी सरकार को दूसरी बार सरकार बनाने के लिए जनादेश मिला है।

गंगवार से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सोरेन ने कहा, आज हमने महागठबंधन की ओर से नए सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू की है। आज हमने राज्यपाल के पास वर्तमान सरकार से इस्तीफा देते हुए आगामी सरकार के लिए दावा पेश किया है। उन्होंने मुझे कार्यवाहक मुख्यमंत्री का जिम्मा सौंपा है। इस दौरान कांग्रेस और आरजेडी के प्रभारी भी हमारे साथ रहे। 28 नवंबर को शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम होगा।

## संभल में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुई हिंसा पर राजनीति शुरू अखिलेश सिंह ने भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप



लखनऊ। संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान भड़की हिंसा पर राजनीति शुरू हो गयी है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस हिंसा को भाजपा द्वारा रची गयी करार दिया। अखिलेश ने कहा कि मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में अनियमितताओं पर से ध्यान हटाने के लिए भाजपा द्वारा रची गयी। बता दें, शनिवार को उत्तर प्रदेश उपचुनाव के नतीजे घोषित हुए,

जिनमें समाजवादी पार्टी को सिर्फ दो सीट मिलीं, जबकि भाजपा और उसकी सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल ने कुल मिलाकर सात सीटों पर जीत दर्द की। भाजपा की जीत के बाद से राज्य की राजनीति गर्मायी हुई है।

अखिलेश यादव ने रविवार को संभल हिंसा पर बयान देते हुए पुलिस और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि संभल में एक गंभीर घटना हुई। चुनाव के बारे में चर्चा को रोकने के लिए सुबह जानबूझकर एक सर्वेक्षण टीम भेजी गई थी। इसका उद्देश्य अराजकता पैदा करना था ताकि चुनावी मुद्दों पर कोई चर्चा न हो सके।

मीडिया की खबरों का हवाला देते हुए अखिलेश ने कहा कि संभल में हुई हिंसा में कई लोग घायल हुए हैं और सवाल किया कि जब मस्जिद का सर्वेक्षण पहले ही हो चुका था, तो फिर से नया सर्वेक्षण क्यों किया गया और वह भी सुबह-सुबह और बिना किसी तैयारी के ? उन्होंने आगे कहा कि मैं कानूनी या प्रक्रियात्मक पहलुओं में नहीं जाना चाहता, लेकिन दूसरे पक्ष की बात भी नहीं सुनी गई। यह जानबूझकर भावनाओं को भड़काने और चुनाव में धांधली पर चर्चा से बचने के लिए किया गया था। यादव ने आरोप लगाया, संभल में जो कुछ हुआ, वह चुनावी अनियमितताओं से ध्यान हटाने के लिए भाजपा, सरकार और प्रशासन द्वारा रचा गया था।

यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर उपचुनाव के दौरान इलेक्ट्रॉनिक बूथ कैप्चरिंग का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब भी निष्पक्ष जांच होगी और बूथ रिकॉर्डिंग और सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से सच्चाई सामने आएगी, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि मतदाताओं ने अपना वोट नहीं डाला और बूथ के अंदर कोई और मतदाता बन गया।

यादव ने दावा किया कि मतदान के दिन पुलिस और प्रशासन ने समाजवादी पार्टी के लगभग सभी बूथ एजेंट और कई समर्थकों को हटा दिया, जो वोट देना चाहते थे। उन्होंने कहा, %अगर मतदाताओं को वोट देने से रोका गया, तो वोट किसने डाला ? अगर समाजवादी पार्टी के वोट उन बूथ तक नहीं पहुंचे और हमारे उम्मीदवार को समर्थन नहीं मिला, तो वहां किसने वोट दिया ? यह एक गंभीर मुद्दा है।% उन्होंने आरोप लगाया, %इसके अलावा, दो तरह की पर्चियां थीं, एक लाल निशान वाली और दूसरी सामान्य पर्ची। हमने मतदान के दिन ही यह मुद्दा उठाया था, जिसमें कहा गया था कि प्रशासन ने ऐसी व्यवस्था की है, जिससे भेदभाव हो रहा है।

## जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित हुआ ओडिशा पर्व समारोह 2024, पीएम मोदी ने की शिरकत



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित ओडिशा पर्व समारोह 2024 कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने ओडिशा की हस्तशिल्प प्रदर्शनी का अवलोकन किया। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, मैं आप सबको और ओडिशा के सभी लोगों को ओडिशा पर्व की बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इस साल स्वभाव कवि गंगाधर मेहर की पुण्यतिथि का शताब्दी वर्ष भी है। मैं इस अवसर पर उनका पुण्य स्मरण करता हूं,

उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं।पीएम ने कहा, अतीत से लेकर आज तक, ओडिशा ने देश को कितना सक्षम नेतृत्व दिया है, ये भी हमारे सामने है। आज ओडिशा की बेटी श्रीमति द्रौपदी मुर्मू जी भारत की राष्ट्रपति हैं। ये हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है। उनकी प्रेरणा से आज भारत में आदिवासी कल्याण के लिए हजारों करोड़ रुपये की योजनाएं शुरू हुई हैं। ये योजनाएं सिर्फ ओडिशा में ही नहीं, पूरे देश के आदिवासियों का हित कर रही हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ओडिशा को नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए 10 साल से चल रहे अनवरत प्रयास ओडिशा के लिए नए भविष्य की उम्मीद बन रहे हैं। 2024 में ओडिशा वासियों के अभूतपूर्व आशीर्वाद ने इस उम्मीद को नया हौसला दिया है।

उन्होंने कहा, आज पूरे पूर्वी भारत में कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य, शिक्षा के कामों में तेजी लाई गई है। 10 साल पहले केंद्र सरकार, ओडिशा को जितना बजट देती थी, आज ओडिशा को उससे तीन गुना ज्यादा बजट मिल रहा है। इस साल ओडिशा के विकास के लिए पिछले साल की तुलना में 30 प्रतिशत ज्यादा बजट दिया गया है। हम ओडिशा के विकास के लिए हर सेक्टर में तेजी से काम कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा, आज के आधुनिक युग में आधुनिक बदलावों को हमें आत्मसात भी करना है और अपनी जड़ों को भी मजबूत बनाना है। ओडिशा पर्व इसका एक माध्यम बन सकता है। उन्होंने कहा, आज ओडिशा के साथ देश में भी ऐसी सरकार है, जो ओडिशा की धरोहरों का, उसकी पहचान का सम्मान करती है। पिछले साल भारत में आयोजित हुए त20 सम्मेलन के दौरान हमने इतने सारे राष्ट्राध्यक्षों और राजनयिकों के सामने सूर्य मंदिर की ही भव्य तस्वीर को प्रस्तुत किया था।

## कोई भी उपचुनाव नहीं लड़ेगी बसपा :मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने रविवार को एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि उनकी पार्टी अब कोई भी उपचुनाव नहीं लड़ेगी। उत्तर प्रदेश में नौ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में करारी शिकस्त मिलने के बाद मायावती ने यह फैसला लिया है। इतना ही नहीं बसपा प्रमुख ने चुनाव में धांधली का आरोप लगाया और ईवीएम पर भी सवाल उठाए।

मायावती ने कहा, उत्तर प्रदेश में 9 विधानसभा की सीटों पर हुए उपचुनाव में इस बार जो मतदान हुआ है और उसके बाद जो कल नतीजे आए हैं, उसको लेकर लोगों में आम चर्चा है कि पहले देश में बैलेट पेपर के जरिए चुनाव जीतने के लिए सत्ता का दुरुपयोग करके फर्जी वोट डाले जाते थे और अब तो श्वङ्करू के जरिए भी ये कार्य किया जा रहा है, जो लोकतंत्र के लिए बहुत दुख और चिंता की बात है।

उन्होंने कहा, देश में लोकसभा और राज्यों में विधानसभा चुनावों के साथ-साथ खासकर उपचुनावों में तो अब ये कार्य काफी खुलकर किया जा रहा है। ये सब हमें हाल ही में हुए उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में देखने को भी मिला है। महाराष्ट्र राज्य में विधानसभा के हुए आम चुनाव में भी इसे लेकर काफी आवाजें उठाई जा रही है। ये हमारे देश और लोकतंत्र के लिए खतरे की बड़ी घंटी भी है।



उपचुनाव नहीं लड़ने के फैसले का ऐलान करते हुए मायावती ने कहा, ऐसी स्थिति में अब हमारी पार्टी ने ये फैसला लिया है कि जब तक देश में फर्जी वोटों को डालने से रोकने के लिए देश के चुनाव आयोग द्वारा कोई सख्त कदम नहीं उठाए जाते हैं तब तक हमारी पार्टी देश में अब कोई भी उपचुनाव नहीं लड़ेगी। हमारी पार्टी देश में लोकसभा व राज्यों में विधानसभा के चुनाव तथा स्थानीय निकायों के चुनाव पूरी तैयारी और दमदारी के साथ लड़ेगी।

## संसद के शीतकालीन सत्र में अडानी मुद्दे पर चर्चा चाहती है कांग्रेस, सर्वदलीय बैठक में उठाई मांग

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र से पहले केंद्र सरकार ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस बैठक में कांग्रेस ने अडानी समूह पर लगे रिश्वतखोरी के आरोपों पर चर्चा की मांग की है। इसके अलावा पार्टी ने मणिपुर मुद्दे, उत्तर भारत में प्रदूषण और रेल दुर्घटनाओं पर भी चर्चा की मांग की है। बता दें, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी, जिसमें भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, कांग्रेस नेता जयराम रमेश और गौरव गोगोई के अलावा टी शिवा, हरसिमरत कौर बादल और अनुप्रिया पटेल शामिल हुए।

कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने बताया कि उनकी पार्टी ने अदाणी समूह पर लगे रिश्वतखोरी के आरोपों पर संसद में चर्चा की अनुमति देने का सरकार से आग्रह किया है। उन्होंने कहा, %शीतकालीन सत्र से पहले कांग्रेस ने सरकार से आग्रह किया है कि न्यूयॉर्क में अमेरिकी न्याय विभाग ने इस बात का संज्ञान लिया है कि यहां एक बड़ा औद्योगिक घराना न केवल उद्योग को नियंत्रित कर रहा है, बल्कि सरकार को भी नियंत्रित कर रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, अडानी समूह ने सौर ऊर्जा से संबंधित विभिन्न उद्योगों के लिए सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं और अधिकारियों को लगभग 2300 करोड़ रुपये की रिश्वत दी है।%

राज्यसभा सदस्य ने आगे कहा कि उन्होंने सोमवार को संसद की बैठक में उत्तर भारत में गंभीर वायु प्रदूषण, नियंत्रण से बाहर हुई मणिपुर की स्थिति और रेल दुर्घटनाओं जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की मांग की है। उन्होंने कहा, %हमने मणिपुर का मुद्दा उठाने को कहा है। मणिपुर में बलात्कार, हत्याएं हो रही हैं और कानून-व्यवस्था नहीं है। देश में बेरोजगारी है। सारे रिकॉर्ड टूट गए हैं। सेना की वापसी का मुद्दा संसद में उठाया जाना चाहिए। मुझे इस बात की भी चिंता है कि उत्तर भारत में प्रदूषण की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है।% बता दें, शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा।

## संपादकीय

### जहरीली जलवायु

राजधानी दिल्ली व एनसीआर में अनियंत्रित वायु प्रदूषण को लेकर देश की शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार व पुलिस को फिर फटकार लगायी है। कोर्ट ने नाराजगी जतायी कि वायु गुणवत्ता की बेहद गंभीर स्थिति होने पर सुधार हेतु ग्रैप-4 लागू करने में कोताही बरती जा रही है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार व पुलिस को आड़े हाथों लिया कि क्यों रोक के बावजूद दिल्ली में भारी वाहनों का प्रवेश जारी है। कोर्ट ने दिल्ली में भारी वाहनों के प्रवेश की निगरानी को तेरह वकीलों को नियुक्त किया, जो सोमवार को अपनी रिपोर्ट देंगे। कोर्ट ने दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली हरियाणा व उत्तर प्रदेश सरकारों को सख्ती से ग्रैप-4 की व्यवस्था लागू करने को कहा। अदालत का कहना था कि सभी राज्यों का दायित्व है कि नागरिकों को प्रदूषण मुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जाए। दरअसल, न्यायमूर्ति अभय एस.ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने ग्रैप-4 व्यवस्था लागू करने की खामियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस बात पर विश्वास नहीं किया जा सकता है कि दिल्ली में भारी वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया है। अदालत ने केंद्र सरकार से दिल्ली में प्रवेश के 113 स्थानों पर निगरानी के लिये पुलिस कर्मियों की तैनाती को कहा, इनमें प्रवेश के तेरह मार्ग ट्रकों के लिये हैं। दरअसल, अदालत ने दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आने वाले राज्य हरियाणा तथा उत्तर प्रदेश सरकारों को 18 नवंबर को निर्देश दिया था कि ग्रैप-4 के तहत प्रतिबंधों के क्रियान्वयन के लिये तुरंत टीम गठित की जाए। कोर्ट ने सख्ती से पाबंदियां लागू न किये जाने पर नाराजगी जतायी। उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह की शुरुआत में वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई के गंभीर से अधिक के स्तर पर पहुंचने पर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान-4 लागू किया गया था। जिसके अंतर्गत ट्रकों व भारी वाहनों के दिल्ली में प्रवेश व सार्वजनिक निर्माण पर अस्थायी रोक लगा दी गई थी।प्रश्न है कि क्यों हमारी सरकार जन-स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में तब तक सोयी रहती है, जब तक कि पानी सिर के ऊपर से न गुजरने लगे। क्यों हर साल शीर्ष अदालत को सरकार, पुलिस व पर्यावरण संरक्षण हेतु बनी संस्थाओं को नींद से जगाना पड़ता है? क्यों अदालत पहले आदेश दे और फिर उसके क्रियान्वयन की निगरानी करे? क्यों सरकारें आग लगने पर कुंआ खोदने की फितरत से बाज नहीं आती। अदालत ने कहा कि हर नागरिक को स्वच्छ हवा देना सरकारों का दायित्व है तो क्या सरकारें जिम्मेदारी निभा रही हैं? सर्दी की दस्तक देते ही हर साल अक्तूबर-नवंबर में प्रदूषण संकट पैदा होता है, विडंबना ही कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसे परिवेश-पर्यावरण छोड़ेंगे। सवाल हवा का ही नहीं, पानी पर भी बड़ा संकट है। हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिकों की एक टीम ने नासा व जर्मनी के उपग्रहों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर चिंता बढ़ाने वाला खुलासा किया कि वर्ष 2014 के बाद से स्वच्छ जल के स्तर पर अप्रत्याशित गिरावट देखी गई है। निश्चित रूप से इस स्थिति के लिये हम सब सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सुक्खू सरकार को राहत

मौजूदा सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पहली नहीं है जिसने ऐसी नियुक्तियां की हों। इससे पहले 2013 में भाजपा की धूमल सरकार और कांग्रेस की वीरभद्र सिंह सरकार ने भी सीपीएस नियुक्तियों का भरपूर उपयोग किया था। हालांकि, पूर्व जयराम ठाकुर सरकार ने ऐसी नियुक्तियां करने से परहेज किया।इन पदों को रद्द कर, कोर्ट ने मंत्री प्रभाव के विस्तार की एक अनौपचारिक प्रथा को रोक दिया है। यह निर्णय अन्य राज्यों को भी अपनी रणनीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित कर सकता है, खासकर जहां मुख्य संसदीय सचिवों नियुक्तियां आंतरिक पार्टी संघर्षों को प्रबंधित करने के लिए उपयोग की जाती हैं।दरअसल, सीपीएस को पदों से हटाने से प्रशासनिक संरचनाओं को सरल बनाया गया है, जिससे शक्ति के एक अनावश्यक विस्तार को समाप्त किया गया है। अब, शासन मंत्रियों और नौकरशाहों पर केंद्रित होगा, जिससे दक्षता और जवाबदेही बढ़ सकती है।



हाल ही में, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने छह मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया था। यह निर्णय संविधान की गरिमा रक्षा में न्यायपालिका की अहम भूमिका को ही उजागर करता है। साथ ही शासन की राजकोषीय जिम्मेदारी, तथा कार्यपालिका की सीमाओं को दर्शाता है। राजनीतिक हितों साधने के लिये विधायकों को सुविधा देने को चुनौती देकर, यह फैसला एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करता है।

हालांकि, सुप्रीम कोर्ट के शुक्रवार को आए फैसले ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा नियुक्त छह मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्ति मामले में राहत दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट निर्देश राज्य में हटाये गए छह मुख्य संसदीय सचिवों की विधानसभा सदस्यता को बरकरार रखा है। वे विधायक बने रहेंगे।

दरअसल, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट का यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न उच्च न्यायालयों जैसे पंजाब-हरियाणा (2009), राजस्थान (2018), और गुवाहाटी (2017) के पिछले फैसलों के अनुरूप है, जिन्होंने इसी तरह मुख्य संसदीय सचिवों नियुक्तियों को अवैध ठहराया था। ये फैसले संविधान के 91वें संशोधन के तहत इन पदों पर रोक लगाने की पुष्टि करते हैं, जो राज्य विधानमंडल की कुल सीटों के 15 प्रतिशत तक मंत्रिपरिषद का आकार सीमित करता है।

हिमाचल सरकार के महाधिवक्ता अनूप कुमार रतन ने राज्य का पक्ष रखते हुए दावा किया कि सीपीएस नियुक्तियां विधायिका सदस्यता को समाप्त नहीं करेंगी। उन्होंने असम के सीपीएस मामलों का हवाला दिया, जिनमें नियुक्तियों को रद्द किया गया था, लेकिन विधायकों को अयोग्य नहीं ठहराया गया। वहीं, भाजपा ने सुप्रीम कोर्ट में एक कैविएट दायर कर सीपीएस को अयोग्य ठहराने की मांग की है।

मौजूदा सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पहली नहीं है जिसने ऐसी नियुक्तियां की हों। इससे पहले 2013 में भाजपा की धूमल सरकार और कांग्रेस की वीरभद्र सिंह सरकार ने भी सीपीएस नियुक्तियों का भरपूर उपयोग किया था। हालांकि, पूर्व जयराम ठाकुर सरकार ने ऐसी नियुक्तियां करने से परहेज किया।

इन पदों को रद्द कर, कोर्ट ने मंत्री प्रभाव के विस्तार की एक अनौपचारिक प्रथा को रोक दिया है। यह निर्णय अन्य राज्यों को भी अपनी रणनीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित कर सकता है, खासकर जहां मुख्य संसदीय सचिवों नियुक्तियां आंतरिक पार्टी संघर्षों को प्रबंधित करने के लिए उपयोग की जाती हैं।

दरअसल, सीपीएस को पदों से हटाने से प्रशासनिक संरचनाओं को सरल बनाया गया है, जिससे शक्ति के एक अनावश्यक विस्तार को समाप्त किया गया है। अब, शासन मंत्रियों और नौकरशाहों पर केंद्रित होगा, जिससे दक्षता और जवाबदेही बढ़ सकती है।

निस्संदेह, सीपीएस नियुक्तियां राज्य पर वित्तीय बोझ डालती हैं। हिमाचल प्रदेश, जो पहले से ही बढ़ते कर्ज और सीमित केंद्रीय सहायता के चलते वित्तीय संकट का सामना कर रहा है। अब राज्य सरकार के पास स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में खर्च करने के लिए धन को पुन: आवंटित करने का अवसर होगा। यह निर्णय आर्थिक सुधारवादियों और करदाताओं के लिए लाभकारी है, साथ ही अन्य राज्यों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत करता है।


हिमाचल हाईकोर्ट का फैसला न्यायपालिका की संवैधानिक अखंडता को सुदृढ़ करता है। यह 91वें संशोधन की प्रासंगिकता की पुष्टि करता है और भविष्य की सरकारों को संवैधानिक सीमाओं का उल्लंघन करने से हतोत्साहित करेगा। यह निर्णय राजनीतिक फिजूलखर्ची को सीमित कर, अन्य राज्यों में समान कानूनी चुनौतियों को प्रेरित कर सकता है। यह फैसला न्यायपालिका पर जनता के विश्वास को भी मजबूत करता है। जब हिमाचल प्रदेश को अपने कर्मचारियों को वेतन और सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन देने में कठिनाई हो रही है, तो ऐसे में इन पदों को रद्द करने को एक सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा सकता है।

दरअसल, मुख्य संसदीय सचिवों की अवधारणा लंबे समय से विवादास्पद रही है। अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकार प्रदान करने के उद्देश्य से बनाए गए ये पद अक्सर कार्यपालिका और विधायिका के बीच शक्ति पृथक्करण को बाधित कर देते हैं। 91वें संशोधन ने मंत्रिपरिषद के आकार को सीमित करके इस तरह की विसंगतियों को दूर करने की कोशिश की गई है, जिसे राज्य सरकारें अक्सर नजरअंदाज करती हैं। हिमाचल हाईकोर्ट का फैसला संकेत देता है कि इस तरह की नियुक्तियां संवैधानिक उपायों को कमजोर करती हैं।

हिमाचल हाईकोर्ट का फैसला अन्य राज्यों को भी सीपीएस जैसे पदों को संवैधानिक सीमाओं में रखने के लिए प्रेरित कर सकता है, जिससे न्यायपालिका का सम्मान और पारदर्शी शासन प्रणाली सुनिश्चित हो सके। हालांकि, यह फैसला राज्य सरकारों के लिए असहज होते हुए भी, शासन को संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप परिभाषित करने का अवसर प्रदान करता है। साथ ही लोकतंत्र में न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।

# इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने इज़रायल पीएम के खिलाफ़ गिरफ्तारी, वारंट जारी किया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर हर देश के संविधान के अनुसार उनकी न्यायिक प्रणाली होती है, जो एक स्वतंत्र निष्पक्ष व पारदर्शिता पूर्ण निर्णय कर न्याय प्रदान करती है,परंतु बीते कुछ दशकों से हम देख रहे हैं इसमें संसद में कानून बनाकर राजनीतिक हस्तशिप का दौर बढ़ता जा रहा है जो हमने इसराइल पाकिस्तान सहित अनेक देशों में देखे हैं कि किस तरह संवैधानिक संशोधन कर न्यायपालिकाओं के पर कतरे गए हैं,दूसरी ओर 124 देशों की सदस्यता वाली इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट यानें आईसीसी भी है,जिसकी 1 जुलाई 2002 को शुरुआत हुई थी। ये संस्था दुनिया भर में होने वाले वॉर क्राइम नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराधों की जांचकरती है।ये संस्था 1998 के रोम समझौते पर तैयार किए गए नियमों के आधार पर कार्रवाई करती है।इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट का मुख्यालय द हेग में है। ब्रिटेन, कनाडा, जापान समेत 123 देश रोम समझौते के तहतइंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट के सदस्य हैं।आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि गुरुवार दिनांक 21 नवंबर 2024 को देर शाम अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया, दोनों नेताओं पर आरोप है कि गाजा के नागरिकों को जानबूझकर भोजन, पानी, बिजली, ईंधन और चिकित्सा आपूर्ति से 8 अक्टूबर 2023 से 20 मई 2024 के बीच वंचित किया गया।मानवीय सहायता को रोकने और इसे बाधित करने का आरोप भी लगाया गया है, इसके अलावा राजनीतिक और राष्ट्रीय आधार पर गाजा के लोगों को उनके मूल अधिकारों से वंचित करना भी आरोपों में शामिल है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे अंतरराष्ट्रीय क्रिमिनल कोर्ट ने इजरायल पीएम के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया अंतरराष्ट्रीय समुदाय में चर्चा का विषय बना। साथियों बात अगर हमआईसीसी द्वारा इजरायली पीएम नेतेन्याहु के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी होने की करें तो,नेतन्याहू और गैलेंट पर मानवता के खिलाफ अपराधों का आरोप लगाया,जिसमें हत्या, उत्पीड़न और अमानवीय कृत्यों की बात कही गई।आरोप है कि आवश्यक आपूर्ति को प्रतिबंधित कर दिया है, जिससे बच्चों की मौत हुई है और कई लोगों को संकट का सामना कपना पड़ा है।जानकारी के अनुसार, आरोप में यह कहा गया है कि कोर्ट को यह मानने के लिए उचित आधार भी मिला है कि नेतन्याहू ने जानबूझकर नागरिकों को निशाना बनाया और जरूरी सहायता रोक दी,जिससे लोगों को भारी पीड़ा उठानी पड़ी,कोर्ट ने कहा, हमने आंकलन किया कि यह मानने के उचित आधार हैं कि नेतन्याहू और गैलेंट गाजा की नागरिक



आबादी के खिलाफ जानबूझकर हमलों को निर्देशित करने के युद्ध अपराध के लिए जिम्मेदार है।

साथियों बात कर हम गिरफ्तारी वारंट के कारणों की करें तो आईसीसी ने इजरायली नेताओं पर मुकदमा चलाने का आधार पर बात करते हुए कहा कि न्यायालय को यह मानने के लिए उचित आधार मिला है कि बेंजामिन नेतन्याहू और योआव गाजा को भुखमरी की ओर ले जाना चाहते हैं, इसलिए इसकी जिम्मेदारी उनपर ही दी जाती है। एक बयान में कहा गया है कि एक प्री-ट्रायल चैंबर ने अदालत के अधिकार क्षेत्र में इजरायल की चुनौतियों को खारिज कर दिया था और बेंजामिन नेतन्याहू और योआव गैलेंट के लिए वारंट जारी किए थे मोहम्मद जईफ के लिए एक वारंट भी जारी किया गया है, हालांकि इजरायली सेना ने कहा है कि वह जुलाई में गाजा में एक हवाई हमले में मारा गया था लेकिन हमास ने अब तक इसकी पुष्टि नहीं की है,इसमें पाया गया कि इस बात के उचित आधार हैं कि तीनों लोग इजराइल और हमास के बीच युद्ध के दौरान कथित युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिएआपराधिक जिम्मेदारी लेते हैं।आईसीसी के इस निर्णय से नेतन्याहू और अन्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वांछित संदिग्ध बन गए हैं तथा इससे उनके अलग-थलग पड़ने एवं 13 महीने से जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए संघर्ष विराम पर बातचीत करने के प्रयासों में जटिलता आने की आशंका है। हालांकि, इसके व्यावहारिक प्रभाव सीमित हो सकते हैं क्योंकि इजरायल और उसका प्रमुख सहयोगीअमेरिका आईसीसी के सदस्य नहीं हैं। आईसीसी के न्यायधीशों नें कहा कि इजरायल और हमास के बीच युद्ध के दौरान कथित युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए तीनों लोगों पर आपराधिक जिम्मेदारी होने के उचित आधार थे। इजरायल और हमास दोनों ने आरोपों को खारिज कर दिया है। अब यह आईसीसी के 124 सदस्य देशों पर निर्भर करेगा जिसमें इजरायल या उसका सहयोगी, संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल नहीं है-यह तय करना कि वारंट को लागू करना है या नहीं।

साथियों बात अगर हम गिरफ्तारी वारंटी की स्थिति को समझने की करें तो इजराइल -हमास जंग को 13 महीने हो चुके हैं। 7 अक्टूबर 2023 को इसकी शुरुआत हुई थी। हमास के सैकड़ों आतंकी गाजा पट्टी के रास्ते साउथ इजराइल में घुस गए। अंधाधुंध फायरिंग की।1139 लोगों को मार दिया और 251 लोगों को अगवा करके ले गए। चंद घंटों बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के खिलाफ जंग का ऐलान कर दिया।इस जंग के शुरू होने के बाद से गाजा में 44 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। गाजा हेल्थ मिनिस्ट्री के आंकड़ों के अनुसार, ये गाजा की आबादी का करीब 2 प्रतिशत है। इजराइली सेना के मुताबिक, इनमें 17 से 18 हजार हमास के लड़ाके थे। इजराइल और हमास के बीच शुरू हुई जंग अब बढ़ते-बढ़ते लेबनान और ईरान तक पहुंच गई।जून में जारी यूनाइटेड नेशन की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा में खाना जुटाना चुनौती बन गया है। यहां के 50 हज़ार बच्चे गंभीर कुपोषण का शिकार हैं।गाजा का हेल्थ सिस्टम ध्वस्त हो चुका है।

साथियों बात अगर हमआईसीसी के फैसले के असर की करें तो, इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट वारंट के अपने फैसले को सभी सदस्य देशों को भेजेगी,हालांकि इसका वारंट मेंबर देशों के लिए एक सलाह भर होती है, वो इसे मानने के लिए बाध्य नहीं हैं, इसके पीछे तर्क यह है कि हर देश अपनी आंतरिक और विदेश नीति तय करने के लिए स्वतंत्र होता है। इसी कारण,अन्य इंटरनेशनल संस्थाओं की तरह आईसीसी भी इसे मानती है।रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ भी कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था,उन्हें यूक्रेन में नरसंहार के मामलों में दोषी पाया गया था, इसके बावजूद, पुतिन कई देशों की यात्रा कर चुके हैं। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने इजरायल पीएम के खिलाफ़ गिरफ्तारी वारंटी जारी किया- अंतरराष्ट्रीय समुदाय में मामला चर्चा का विषय बना।अंतरराष्ट्रीय मानवीय मददको रोकने,मानवता के खिलाफ़ आपराधिक युद्ध, अन्य अपराधों का आरोप।इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट वारंट को अपने 124 सदस्य देशों को भेजेगा,जो केवल सलाह भर होती है।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

## कभी आर कभी पार, ऐसी मौसम की मार

दिल्ली एनसीआर में एक्यूआई पांच सौ पार कर गयी जी। पता चला कि हर आदमी चालीस सिगरेट के बराबर धुआं पी रहा है और खांस रहा है। उसकी सांस उखड़ रही है। सिगरेट की डिब्बी पर तो चेतावनी लिखी होती है कि धूम्रपान सेहत के लिए नुकसानदेह है। पांच सौ एक्यूआई पार करने वाली हवा के बारे में ऐसी कोई चेतावनी नहीं दी जाती। बस किसानों पर पराली जलाने का आरोप मढ़ दिया जाता है। मुकदमे थोप दिए जाते हैं। ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री से नहीं कहा जाता कि गाड़िया कम बनाओ या कम बेचो। गाड़ी वालों से कोई नहीं कहता कि भैया पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल कर लो। बस बच्चों की छुट्टी कर दी जाती है कि बेटा हवा बहुत खराब है- घर में रहो।

हवा सचमुच खराब है जी। और सच पूछो तो हवा इंसान की ही खराब हो रही है। जैसे आज यह कहा जा रहा है कि दिल्ली-एनसीआर का हर आदमी चालीस सिगरेट के बराबर धुआं पी रहा है वैसे ही कल को यह भी कहा जा सकता है कि यमुना का पानी पीकर हर आदमी चूहे मारने की दवा की एक शीशी जितना या फिर सल्फास की दो गोलियों जितना जहर पी रहा है। या फिर अगर ऐसे ही मापना है तो यह भी कहा जा सकता है कि सब्जियों के साथ हर आदमी इतना कैमिकल ले रहा है, जितने में एक एकड़ का खरपतवार खत्म हो सकता है। मामला काफी भयावह बनता जा रहा है जी।आज बेशक यह कहा जा रहा है कि दिल्ली एनसीआर में एक्यूआई पांच सौ पार गया, लेकिन अभी थोड़े दिन पहले कहा जा रहा था कि गर्मी पचास डिग्री के पार जा सकती है। राजस्थान या आंध्र प्रदेश में कई जगह पारा पचास डिग्री पर पहुंच भी जाता है, लेकिन लू से बिहार और यूपी वाले भी मरते हैं। फिर बताया गया कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बादल फट रहे हैं। भैया अभी तक मुहावरा छप्पर फाड़कर देने का ही चला है, बादल फाड़ बरसने का नहीं चला है।

खैर, अब ऊपर वाला छप्पर फाड़कर तो देता नहीं है, बादल फाड़कर ही बरसता है, सो यह मुहावरा भी चल ही जाएगा। अब थोड़े दिन बाद में यह बताया जाएगा कि कड़ाके की सर्दी के चलते पारा शून्य से नीचे जा सकता है। फलां-फलां जगह पाला जम सकता है।


## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

**फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com**


## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।** - संपादक


## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**संपर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com


# फिकेपन का भी अपना राजनीतिक स्वाद

धीरे-धीरे आलोचनाओं वाला मौसम आ गया था। लेकिन आलोचना वाला फीलिंग नहीं आ पा रहा था। लोग अपने-अपने ढंग से जोर लगा रहे थे। कोई पत्थर - तलवार छोड़, कलम पकड़ने की और मिडिया खरीदने की अपील कर रहा था, कोई 'गोली मारो भालो को' का ऐलान कर रहा था, कोई धर्म पूछकर दुकान चलाने का फ़रमान जारी कर रहा था, कोई संसद में हाथ नचा नचा मोदी को चिढ़ा रहा था, कोई बेआवाज वफ्फ के नाम से हज़ारों बीघा क़ब्ज़ा कर ले रहा था, दंगे हो रहे थे, आग लगाए जा रहे थे, न्यायिक फ़ैसले हो रहे थे, कोई ज़ोर लगाए हुए थी, कटने-काटने की अपील हो रही थी। तू तड़ाक वाली दोस्ती



**पंकज सीबी मिश्रा,**
**राजनीतिक विश्लेषक एवं पत्रकार**
**जौनपुर यूपी**

भी अब आ देख लूंगा में बदल गई। डप्पू - हेलो हेलो डोलू ! मैं डप्पू बोल रहा हूँ योर डिअर फ्रेंड। यार तू जिज्जी वाली सीट को बचा ले, मम्मी जी के सारे श्रोत गोता खा गये हैं, बहुत नुकसान हो जायेगा उनका।

डोलू - सुनाई नही दे रहा ठीक से, टावर नही आ रहा है मोबाइल में। रुक जाओ हम इधर से करता है। हां मैं ये कह रहा था कि जिज्जी की सीट तो हम बचा लेंगे पर नुकसान की भरपाई तुमको खुद करना होगा। डप्पू जी - डोलू नुकसान की भरपाई मैं कैसे करूंगा। मैं तो गरीब हूँ। मेरा बचपन गरीबी में बीता है। मेरी माँ ज्डोलू - अच्छा अच्छा ठीक है ज. सुन अपने वालों की एक एक किडनी बेच दो और इनका 5 किलो फ्री राशन बंद करवानें को यात्रा निकाल दो। बहुत हो गया फ्री। बलिदान देना होगा किसी न किसी को तभी मिलेगी सत्ता। बिना बलिदान के क्रांति नही होती। सत्ता पाने वाली फीलिंग कराने की तमाम कोशिशें अपने-अपने ढंग से हो रही थीं। लेकिन सब कोशिशों के बावजूद उदात्त अंतर्राष्ट्रीय गौरव का एहसास नहीं हो पा रहा। अभी तक क्या नहीं था हमारे पास? राष्ट्रकवि, राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु आदि थे। परंतु राष्ट्रीय गुंडा नहीं था। अब जाकर हमें यह राष्ट्रीय गुंडा मिला तो थोड़ा संतोष हुआ कि देर से ही सही थोड़ा गौरव करने लायक़ एक बात तो हुई। सीना थोड़ा चौड़ा हुआ। लगे हाथ मालूम हुआ कि अब यह देश दुनिया में कहीं भी आतंक फैला सकता है। अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद का सेहरा इसके सिर बँधा। सीना तो फूलकर कुप्पा हो गया। लेकिन विपक्ष की एक कमी अभी बाक़ी थी। अभी तक यहीं का पैसा लेकर लोग विदेश भागते थे।

अब एक राज्य में घोखाधड़ी करके लोग दूसरे में आराम फ़रमाते हैं। अब अंतर्राष्ट्रीय जालसाज़ की कमी भी पूरी हो गई। कोई ज़रूरत नहीं है इसे केन्या, श्रीलंका, चीन, पाकिस्तान आदि के साथ जोड़ने की। आलोचना के गौरव की अनुभूति को जाया मत होने दीजिए। हिंदुत्वा इकोसिस्टम में कौम के उत्थान के लिए विपक्ष द्वारा सिस्टम में सोशल मीडिया के जरिए, नॉन स्टॉप चौबीसों घंटे बारहों महीने खोपड़ी के भीतर धुलाई सफाई और डाटा फीडिंग होती रहती है। आम आदमी हरदम पोस्ट पढ़ता, वीडियो क्लिप्स देखता रहता है और दिमाग में अच्छी तरह बैठवा लेता है कि फलाने ने देश का नाश किया और यात्रा वाला वराह अवतार धारण करके देश का उद्धार करनें आया हैं, आम आदमी अच्छी तरह बैठवा लेता है कि गैस सिलेंडर चाहे हजार का मिले या उससे ज्यादा का, अगर ब्लेंडर्स प्राइड पी सकते है तो सिलेंडर का ऊंचा प्राइस भी दे सकते हैं, अच्छी तरह बैठवा लेता है कि खुल्लो को टाइट रखने के लिए अगर डेढ़ दो सौ रुपए लीटर में पेट्रोल लेना पड़े तो खुशी खुशी ले लेना चाहिए। इस इकोसिस्टम के बाहर देश दुनिया में क्या चल रहा ये देखने समझने जानने की इन्हे जरूरत नही है। अब हमारे

# विवि में एडवांस्ड एग्रीकल्चर साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी पर लेक्चर सीरीज

## -होमा फार्मिंग से उच्च गुणवत्ता एवं पोषण युक्त उत्पादन किया जा सकता है : डॉ वर्क



बीपीएस न्यूज

कानपुर। स्कूल ऑफ़ एडवांस्ड एग्रीकल्चर साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी पर विवि द्वारा संचालित ऋषि रिफ्लेक्शन लेक्चर सीरीज के अंतर्गत मुख्य वक्ता के रूप मे जर्मन एसोसिएशन ऑफ होमा थैरेपी के प्रेसिडेंट डॉ. उलरिच बर्क सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। डॉ. बर्क ने अग्निहोत्रा- ऐंसिऐनंट हीलिंग थेरेपी फार हॉलिस्टिक एंड सस्टेनेबिलिटी विषय पर प्रकाश डाला। डॉ. उलरिच बर्क ने वर्तमान एवं भविष्य के कृषि चुनौतियां पर बताया कि होमा फार्मिंग के द्वारा किस प्रकार से इन चुनौतियों को कम कर उच्च गुणवत्ता एवं पोषण युक्त उत्पादन को प्राप्त किया जा सकता है। होमा फार्मिंग मृदा एवं जल प्रदूषण के रोकथाम के साथ ही पर्यावरण को संतुलित बनाने में मदद करता है। उन्होंने अग्निहोत्र के समय उच्चारण होने वाले मंत्र के साथ ही अग्निहोत्र में उपयोग होने वाले विभिन्न सामग्रियों तथा उपयुक्त समय सूर्योदय एवं सूर्यास्त को बताया, क्योंकि सूर्यास्त एवं सूर्योदय के समय मिलियंस एमप्लीफायर उत्पन्न होते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मृदा स्वास्थ्य, लाभदायक सूक्ष्मजीवों की संख्या, जल आदि को होमा फार्मिंग के द्वारा उपयुक्त बनाया जा सकता है।

प्रतिकुलपति डॉ सुधीर कुमार अवस्थ ने भारत एवं जर्मन संस्कृति के बीच उत्कृष्ट संबंध रहे हैं। स्वास्तिक चिन्ह को जर्मनी में प्रिविलेज के रूप में अपनाया गया। वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक ने वैदिक साइंस में यज्ञ के पवित्रता एवं महत्व पर कहा कि, किस तरह से भारतीय सभ्यता में प्राचीन काल से ही यज्ञ (हूँम) किया जा रहा है जिसको आज पूरा विश्व अपना रहा है। डॉ. हिमांशु त्रिवेदी ने अग्निहोत्रा एवं होमा फार्मिंग के बारे में छात्रों को संक्षिप्त में परिचय दिया। कृषि स्नातक द्वितीय वर्ष के छात्र इजारूल इस्लाम के द्वारा बनाए गए वीडियो से डॉ. बर्क अत्यधिक प्रभावित हुए। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव, अधिष्ठाता सीएसजेएम इनोवेशन फाउंडेशन डॉ. शिल्पा कायस्था, निदेशक सास्ट डॉ हिमांशु त्रिवेदी आदि के साथ समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे। ऋषि रिफ्लेक्शन कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ. श्रेया सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अंकित सिंह भदौरिया के द्वारा किया गया।

# तृतीय पेंशन अदालत का आयोजन दिसम्बर माह में

बीपीएस न्यूज

कानपुर।अपर निदेशक/ संयोजक, पेंशन अदालत, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर ने बताया कि उ0प्र0सरकार के सेवानिवृत्त/ मृत राजकीय सेवकों के सेवानैवृत्तिक लाभों से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2024-25 की कानपुर मण्डल की तृतीय पेंशन अदालत (89वीं) का आयोजन माह दिसम्बर, 2024 के चतुर्थ सप्ताह में किया जाना प्रस्तावित है। अत: कानपुर मण्डल के जनपदों से ऐसे सेवानिवृत्त अथवा मृत्त राजकीय सेवकों के आश्रितों से अपेक्षित है कि वह निम्नवत प्रारूप पर अपना वाद पत्र तीन प्रतियों में पंजीकृत डाक से अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कलेक्ट्रेट कम्पाउण्ड, कानपुर मण्डल, कानपुर को ऐसे भेजें कि वह दिनांक 05 दिसम्बर, 2024 तक प्राप्त हो जाये। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त वाद पत्रों को पेंशन अदालत में नहीं रखा जायेगा।

वादी से यह भी अपेक्षित है कि अपने वाद पत्र की एक प्रति अपने संबंधित कार्यालयाध्यक्ष/ विभागाध्यक्ष जहां अन्तिम तैनाती के समय कार्यरत थे, को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। पेंशन अदालत में किसी न्यायालय/ शासन द्वारा निर्णीत मामले तथा किसी माननीय न्यायालय/ शासन स्तर पर विचाराधीन एवं नीतिगत मामलों से संबंधित वाद पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। पेंशन अदालत में केवल पूर्णत: राजकीय कार्मिकों के प्रकरण ही स्वीकार किये जायेंगे।

# पनकी पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर अपराधी

बीपीएस न्यूज

कानपुर। पनकी थानाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह ने तोड़ दी अपराध व अपराधियों की कमर एक और शातिर अपराधी चढ़ा पनकी पुलिस के हत्थे सूचना के आधार पर पनकी पुलिस ने शिवली निवासी सुरेश उर्फ मोनू को किया गिरफ्तार अभियुक्त सुरेश उर्फ मोनू के पास से 315 बोर का नाजायज तमंचा व 315 बोर ज़िंदा कारतूस बरामद हुआ है। अभियुक्त सुरेश उर्फ मोनू के खिलाफ पहले से थाना शिवली व रसूलाबाद में मुकदमें दर्ज हैंशातिर अपराधी सुरेश उर्फ मोनू के खिलाफ आर्म्स एक्ट में कानूनी कार्यवाही के बाद अदालत में पेश कर दिया गयापनकी थानाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक श्रवण कुमार तिवारी, विजयपाल सिंह, उप निरीक्षक यू टी सत्यम मौर्य व अविनाश कुमार दुबे ने इस गिरफ्तारी को अंजाम दिया।

# छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण कर पैराशूट तकनीक की जानकारी ली

## ♦ गुणवत्ता माह के दौरान जीजीआईसी की छात्राओं का भ्रमण



बीपीएस न्यूज

कानपुर। ग्लाइडर्स इण्डिया लिमिटेड की इकाई आयुध पैराशूट निर्माणी में आज गुणवत्ता माह नवंबर के अंतर्गत राजकीय कन्या इण्टर कालेज (जीजीआईसी) की छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण किया तथा यहां पैराशूट तकनीक की जानकारी ली। ओपीएफ महाप्रबंधक एम.सी.बालासुब्रमणियम से पैराशूट से जुड़े तमाम प्रश्न पूछे, बच्चों की जिज्ञासाओं का महाप्रबंधक ने सरल एवं वैज्ञानिक तरीके से समाधान भी किया। निर्माणी सभाकक्ष में हुये आयोजन में महाप्रबंधक बालासुब्रमणियम ने कहा कि किसी भी इण्डस्ट्री में विद्यार्थियों के विजिट से नवाचार (इनोवेशन) को बढ़ावा मिलता है। बच्चे देश का भविष्य हैं, उनमें उद्योगों के बारे में यदि शुरू से ही जानकारी दे दी जाए, तो इससे बच्चों के मन में नवीन शोध को लेकर जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि ये विजिट निश्चित रूप से नये विचार एवं उद्योगों के विकास में स्वस्थ चिन्तन प्रदान करने वाली सिद्ध होगी। मानव संसाधन विकास के विभागीय अधिकारी ओमेश सिन्हा ने विभिन्न पैराशूट के बारे में बच्चों को प्रारंभिक जानकारी दी। बच्चों ने भी पैराशूट को लेकर अपने मन में उमड़ रहे तमाम सवालों को बेबाक तरीके से पूछा, जिनका समाधान किया गया। जीजीआईसी से आई प्रवक्ताओं की टीम में श्रीमती प्रियंका अहिरवार, श्रीमती ममता देवी, सुश्री बबिता, श्री नीरज, सुश्री लक्ष्मी सम्मिलित रहीं। इस दौरान संयुक्त महाप्रबंधक राम ज्ञान सिंह, ओमेश सिन्हा, अमर दीप कुमार, क.का.प्र. अनुपमा त्रिपाठी, किरन राजपाल आदि उपस्थित रहे।

# नसबंदी के लिये आगे आयें पुरुष, पखवाड़ा 21 से 7 नवम्बर तक

कानपुर। जनपद में पुरुष नसबंदी विधि अब कारगार साबित हो रही है। इस वर्ष अप्रैल से अक्टूबर माह तक पूरे कानपूर मंडल में कुल 71 पुरुष नसबंदी के लिये आगे आये हैं। आज ही शुरुआत करें, पति पत्नी मिलकर परिवार नियोजन की बात करें इस थीम पर 21 नवम्बर से चार दिसम्बर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा आयोजित होगा, जो दो चरणों में चलेगा। इसमें 21 से 27 नवम्बर तक पहला चरण 'मोबिलाइजेशन' होगा और 28 नवम्बर से चार दिसम्बर तक दूसरा चरण 'सेवा प्रदायगी' होगा। यह जानकारी चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर मंडल की अपर निदेशक (एडी हेल्थ) डॉ संजू अग्रवाल ने दी। अपर निदेशक ने कहा कि अभी तक सिर्फ महिलाएं ही नसबंदी के लिए आगे आती थीं, लेकिन अब पुरुष भी अपनी भागीदारी बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि जो भी लाभार्थी लाभ ले चुके हैं (नसबंदी करा चुके हैं) वह उन सभी के लिए मार्गदर्शक बनें जो नसबंदी कराना चाहते हैं। वह आगे आकर उन लोगों को प्रोत्साहित करें कि पुरुष नसबंदी महिला की अपेक्षा कितनी आसान और कम समय लेने वाली है। सिफ्प्सा के मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक राजन प्रसाद ने बताया- पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के प्रथम चरण (मोबिलाइजेशन फेज) के दौरान जनपद में एएनएम / आशा कार्यकर्ता समुदाय में गृह भ्रमण करते हुए पुरुषों से सम्पर्क करेंगी। इच्छुक पुरुषों की पहचान एवं संवेदीकरण करते हुए उनका प्री-रजिस्ट्रेशन करेंगी। इस दौरान परिवार नियोजन में पुरुष भागीदारी और इसके साथ जुड़े विभिन्न मिथकों को बताते हुए सार्वजनिक स्थलों, स्वास्थ्य इकाइयों में प्रचार-प्रसार सामग्री को प्रदर्शित किया जाएगा। परिवार नियोजन के क्षेत्र में कार्यरत हेल्थ पार्टनर्स और अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं-संगठनों का समुदाय में पुरुष नसबंदी की सेवाओं को बढ़ावा देने में सहयोग लिया जाएगा। सेवा प्रदायगी चरण 28 नवम्बर से उन्होंने बताया कि शासन से जारी दिशा-निर्देश के अनुसार 28 नवम्बर से चार दिसम्बर तक चलने वाले सेवा प्रदायगी चरण में इच्छुक लाभार्थियों को नसबंदी की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। जनपद स्तरीय चिकित्सालय के अतिरिक्त क्रियाशील ऑपरेशन थियेटर (ओटी) वाले फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) अथवा ब्लाक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर पुरुष नसबंदी की जाएगी। कानपुर नगर मंडल में शीर्ष पर मंडलीय एफपीएलएमआईएस एवं लॉजिस्टिक्स प्रबंधक अर्जुन प्रजापति ने बताया कि छोटे परिवार के बड़े फायदे को लेकर समुदाय में अनवरत जागरूकता अभियान चलाने का असर राष्टीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण में भी स्पष्ट देखा जा सकता है। इसके साथ ही कानपुर मंडल में पिछले चार वर्षों में कुल 600 पुरुषों से नसबंदी को अपनाया है। इस वर्ष अप्रैल 2024 से अक्टूबर माह तक कुल 71 पुरुषों ने नसबंदी को अपनाया है। पूरे मंडल में सर्वाधिक 48 पुरुष नसबंदी के साथ कानपूर नगर जनपद अब तक शीर्ष पर है। उन्होंने बताया की पुरुष नसबंदी करवाने पर लाभार्थी को 3000 रूपए की प्रोत्साहन धनराशि दी जाती है।

# दिल्ली की धुंध कानपुर पर छाई, पारा पांच डिग्री सेल्सियस गिरा

कानपुर। दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में छाई धुंध हवाएं कानपुर परिक्षेत्र परिक्षेत्र में ले आईं। मंगलवार तड़के से धुंध दिन भर छाई रही और ठंडक महसूस हुई। दोपहर को धुंध की चादर हल्की हुई लेकिन शाम होते ही फिर बढ़ गई। दृश्यता सामान्य डेढ़-दो किमी से घटकर तीन सौ मीटर पर आ गई। दिन में धुंध रहने से अधिकतम तापमान सामान्य औसत के नीचे आ गया। एक दिन में अधिकतम तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे गिरा है ।सीएसए के मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले पांच दिन धुंध बनी रहेगी। लेकिन बारिश के आसार नहीं हैं। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि धुंध (स्मॉग) दिल्ली, हरियाणा और पंजाब पर छाया हुई थी। हवाओं की वजह से धुंध उड़कर प्रदेश के पश्चिमी और मध्य भाग में आ गई। इसका असर कानपुर परिक्षेत्र पर भी रहा। उन्होंने बताया कि जब तेज हवाएं चलेंगी तो धुंध आगे चली जाएगी।

# सामान्य श्रेणी के 583 जीएस कोच रेलवे के बेड़े से जुड़े

- बीते तीन माह में ही भारतीय रेल ने हासिल की यह महत्वपूर्ण उपलब्धि
- नवंबर के बाद करीब साढ़े छह सौ नियमित ट्रेनों में जुड़ेंगे ऐसे 1000 से ज्यादा कोच
- आगामी दो साल में जीएस श्रेणी के ऐसे 10 हजार से ज्यादा कोच बेड़े से जुड़ेंगे

बीपीएस न्यूज

कानपुर। रेल यात्रा के प्रति आमजनों की लगातार बढ़ती रुचि और आकर्षण के मद्देनजर रेलवे भी तदनुरूप सुविधाओं के विस्तार को गति दे रहा है। इस क्रम में रेलवे ने बीते तीन माह में ही विभिन्न ट्रेनों में सामान्य श्रेणी (जीएस) के करीब छह सौ नये अतिरिक्त कोच जोड़े हैं। ये सभी कोच नियमित ट्रेनों में जोड़े गए हैं। इतना ही नहीं, चालू नवंबर माह में जीएस श्रेणी के ऐसे एक हजार से ज्यादा कोच करीब साढ़े छह सौ नियमित ट्रेनों में जोड़ दिए जाएंगे। एक अनुमान के मुताबिक रेलवे के बेड़े में इन नये जीएस कोचों के जुड़ने से रोजाना करीब एक लाख यात्री लाभान्वित होंगे। इनके अलावा आगामी दो वर्षों में बड़ी संख्या में जीएस श्रेणी के कोचों को रेलवे के बेड़े में शामिल करने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है।

रेलवे बोर्ड ने सामान्य श्रेणी के रेल यात्रियों की नई सुविधाओं के बारे में यहां विस्तार से जानकारी दी है। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना व प्रचार) दिलीप कुमार ने बताया कि सामान्य श्रेणी के यात्री रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। इस श्रेणी के यात्रियों को अधिकतम सुविधा मुहैया कराने की दिशा में रेलवे विभिन्न दिशाओं में कार्य कर रहा है। इसके तहत बीते जुलाई से अक्टूबर के तीन माह के दौरान जीएस श्रेणी के कुल 583 नये कोचों का निर्माण किया गया। साथ ही इन नवनिर्मित कोचों को 229 नियमित ट्रेनों में जोड़ा गया है। इससे रोजाना हजारों अतिरिक्त यात्रियों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस नवंबर माह तक जीएस श्रेणी के कुल एक हजार से ज्यादा नये कोच तैयार होकर रेलवे के बेड़े में जुड़ जाएंगे। इन्हें 647 नियमित ट्रेनों में जोड़ा जाएगा। इन डिब्बों के शामिल होने से रोजाना करीब एक लाख अतिरिक्त सवारी रेल यात्रा के सफर का लाभ उठा पाएंगे।

कार्यकारी निदेशक ने बताया कि सामान्य श्रेणी के यात्रियों की सुविधाओं के मद्देनजर नये जीएस कोचों का निर्माण तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्षों में रेलवे के बेड़े में ऐसे गैर-वातानुकूलित सामान्य श्रेणी के 10 हजार से ज्यादा जीएस कोचों को शामिल कर लिया जाएगा। इनमें छह हजार से ज्यादा जीएस कोच होंगे, जबकि बाकी डिब्बे स्लीपर श्रेणी के होंगे। इतनी बड़ी संख्या में ङ्खश्वङ्ख ष्ट कोचों के शामिल होने से सामान्य श्रेणी के करीब आठ लाख अतिरिक्त यात्री रोजाना रेल यात्रा का सफर कर पाएंगे। जीएस श्रेणी के ये नवनिर्मित तमाम कोच रु।क्क के होंगे । ये सफर को आरामदायक और सुविधाजनक बनाने के साथ-साथ सुरक्षित और द्रुत बनाने में भी मदद करेगी। पारंपरिक आईसीएफ़ रेल डिब्बों के मुकाबले ये नये एलएचबी कोच अपेक्षाकृत हल्के और मजबूत हैं। हादसे की स्थिति में इन कोचों में नुकसान भी कम से कम होगा।

# रोडवेज बस की ट्रक से आमने सामने से टक्कर, दोनों ड्राइवरों की मौत

## दर्जन से अधिक यात्री घायल, गैस कटर से सीट काटकर निकाली सवारियां



बीपीएस न्यूज

कानपुर। घाटमपुर में रोडवेज बस और ट्रक की आमने -सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों ड्राइवरों की मौत हो गई। वहीं बस में बैठे कई यात्री घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज कर गंभीर घायलों को कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। प्रशासन ने गैस कटर से सीट काटकर फंसे यात्रियों का बाहर निकाला। करीब तीन घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला गया।

सूचना मिलते ही घाटमपुर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने ग्रामीणों की मदद से रोडवेज बस में फंसे हुए यात्री और ट्रक ड्राइवर को निकालने का प्रयास शुरू किया। लेकिन डेढ़ घंटे बीतने के बाद भी नहीं निकाल पाए। इसके बाद प्रशासन ने गैस कटर से रोडवेज बस की सीट काटकर फंसे यात्री को बाहर निकाला, इसके बाद ट्रक ड्राइवर को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने ट्रक चालक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही घाटमपुर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने ग्रामीणों की मदद से रोडवेज बस में फंसे हुए यात्री और ट्रक ड्राइवर को निकालने का प्रयास शुरू किया। लेकिन डेढ़ घंटे बीतने के बाद भी नहीं निकाल पाए। इसके बाद प्रशासन ने गैस कटर से रोडवेज बस की सीट काटकर फंसे यात्री को बाहर निकाला, इसके बाद ट्रक ड्राइवर को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने ट्रक चालक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# इण्डियन आर्थोपेडिक्स एसोसियेशन ने आयोजित किया यूपीपीजीआईसीएल कार्यक्रम

कानपुर। इण्डियन आर्थोपेडिक्स एसोसियेशन के निर्देशन में उ0प्र0 आर्थोपेडिक्स एसोसियेशन के तत्वाधान में सैफाई आर्थोपेडिक्स एसोसियेशन द्वारा दिनांक 16 नवम्बर से 1 दिसंबर को आर्थोपेडिक्स विभाग उत्तर प्रदेश यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइन्स, सैफई इटावा द्वारा यूपीपीजीआईसीएल एवं 2024 को आयोजन किया गया। आयोजन में जयपुर, दिल्ली, बीएचयू, वाराणसी, एएमयू अलीगढ़, केजीएमयू, लखनऊ, आरएमएल इनस्टियूट ऑफ मेडिकल साइन्ना, लखनऊ, यूपीयूएमएस सैफई, एम्स गोरखपूर, एम्स राय बरेली की फैकल्टी के साथ 110 पीजी छात्रों ने प्रतिभाग किया।

आये हुए समस्त गेस्ट फैकल्टी द्वारा अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये गये। इसी क्रम में जीएसवीएम मेडिकल कालेज के अस्थि रोग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 डा0 संजय कुमार एवं संकाय सदस्यों डा चन्दन कुमार, प्रो डा0 रोहित नाथ एवं डा0 हर्ष प्रताप सिहं ने प्रतिभाग किया तथा अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये। समस्त मेडिकल कालेजों से आये पीजी छात्रों ने आगामी क्लीनिकल परीक्षा में दिये जाने वाले मरीजों को चिकित्सकों के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसमें पीजी छात्रों की प्रस्तुति प्रतिभा एवं ज्ञान का आकलन किया गया। मेडिकल कालेज कानपुर से पीजी छात्र डा0 अखण्ड प्रताप सिहं, डा0 अरविन्द कुछ पटेल, डा0 सनब्बर अली, डा0 शोभित कुमार, डा: अभिषेक भास्कर तथा डा0 आशुतोष चौरसिया द्वारा फेस प्रस्तुत किये। डा0 अखण्ड प्रताप सिहं द्वारा प्रस्तुत चार क्लीनिकल प्रस्तुतियों को समस्त शिक्षकों द्वारा सराहा गया तथा उन्हे सर्वश्रेठ पीजी लॉग केस एवार्ड से सम्मानित किया गया ।विभागाध्यक्ष प्रो0 डा0 संजय कुमार ने इसका श्रेय अपने विभाग के समस्त संकाय सदस्यों को दिया, जिनकी कड़ी मेहनत के कारण जीएसवीएम मेडिकल कालेज के पीजी छात्रों ने प्रदेश ही नहीं देशभर से आये पीजी छात्रों के बीच सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, और यह सम्मान प्राप्त किया। विभागाध्यक्ष ने सभी पीजी छात्रों को आगामी कनीनिकल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की कामना करते हुए सभी को बधाईयों दी।

# सम्पत्ति के लिए मां को किया प्रताड़ित



कानपुर। पनकी गंगागंज निवासी वृद्ध विधवा महिला ज्ञानवती देवी ने आज जर्नलिस्ट सेवा परिषद मे पत्रकार वार्ता में कहा कि उनके पति की मृत्यु के बाद उनकी विवाहित पुत्री सम्पत्ति हड़पने के लिये उन्हें लगातार प्रताड़ित कर रही है, साथ ही पुलिस को झूठे प्रार्थना पत्र देकर परेशान करने के लिये सम्पत्ति छोड़ कर चले जाने का दबाव बनाती है उन्होंने कहा कि उनके बेटे और पति की मृत्यु हो चुकी है उनके एक अविवाहित पुत्र और पुत्री भी है लेकिन शादी शुदा पुत्री उनकी सम्पत्ति के लिए विभिन्न हथकंडे अपना रही है। तथा प्रापर्टी उन्हे छोड़ कर जाने का दवाब बंना रही। है पुलिस को आये दिन शिकायती पत्र देती है जिनकी जाँच चल रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस निष्पक्ष जाँच कर उनकी विवाहित बेटी से रक्षा करे।

# टाटा कार शोरूम में लगी आग, नौ गाड़ियों को निकाला,टला बड़ा अग्निकांड



बीपीएस न्यूज

कानपुर। फजलगंज स्थित टाटा कार के शोरूम सांई मोटर्स में मंगलवार सुबह आग लग गई। आग की सूचना पर फायर ब्रिगेड की 9 गाड़ियां और सीएफओ फायर ब्रिगेड कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। आग की चपेट में आने से कई कार जल गई तो कइयों को टीम ने समय रहते बाहर निकाल लिया। फायर ब्रिगेड की टीमों ने समय रहते आग पर काबू पाने से बड़ा हादसा टल गया। तब जाकर शोरूम मालिक और होटल संचालक ने राहत की सांस ली। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि सुबह सूचना मिली कि फजलगंज स्थित साईं मोटर्स में आग लग गई है। फायर ब्रिगेड स्टेशन फजलगंज, कर्नलगंज, लाटूश रोड और किदवई नगर समेत अन्य सेंटर से 9 दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। शोरूम धुएं के गुबार से भरा हुआ था और आग धधक रही थी। शोरूम के ऊपर होटल सेलिब्रेशन बना हुआ है। होटल तक आग पहुंचने की आशंका थी। फायर ब्रिगेड की टीमों ने शोरूम में चौतरफा पानी डालकर आग बुझाना शुरू किया। इसके साथ ही एक टीम ने शोरूम में रखी कारों को बाहर निकालना शुरू किया। समय रहते फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचने से कारें जलने से बच गईं और बड़ा हादसा होते टल गया।

# जिलाधिकारी को शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, कानपुर नगर द्वारा अधिनियम विरुद्ध कार्यों की जांच करने एवं जांच के दौरान पद मुक्त रखने की मांग को लेकर महामहिम राजपाल, उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ को संबोधित ज्ञापन आदरणीय जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया !उक्त सूचना उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष हरिश्चंद्र दीक्षित ने प्रतिनिधि मंडल के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक कानपुर नगर द्वारा अधिनियम विरुद्ध किए गए कार्यों की जांच करने एवं जांच के दौरान पद मुक्त रखना की मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी महोदय के माध्यम से प्रेषित किया जिसमें मुख्ता बिल्हौर इंटर कॉलेज बिल्हौर के तदर्थ प्रधानाचार्य प्रेमचंद त्रिपाठी जो कूट रचित अभिलेख बनाकर शासकीय धन का गबन एवं गंभीर दुराचरण में सिद्ध दोष पाए जाने के कारण निलंबित हुए थे एवं संप्रति सेवा विमुक्त दंड प्रस्ताव से अच्छअधिक है को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा यूपी बोर्ड की पासवर्ड अनुचित रूप से दिया गया है।

जिससे संस्था के लगभग 15 00 छात्रों के भविष्य का खिलवाड़ अच्छा अधिक अच्छादित् जीएन के इंटर कॉलेज सिविल लाइन कानपुर नगर के तदर्थ प्रधानाचार्य जांचों उपरांत तथ्यगोपन के दोषी पाए गए तथा माननीय उच्च न्यायालय में अपनी याचिका में झूठा हालतनामा प्रस्तुत कर मिथ्याप्रदर्शन के दोषी होने को उपरांत भी जिला विद्यालय निरीक्षक अनाधिकृत दबाव में आकर आदेश का उल्लंघन कर रहे हैं उक्त के अतिरिक्त अन्य नियमित कार्यों की जांच करने के अनुरोध पर शिक्षा निदेशक द्वारा संयुक्त शिक्षा निदेशक को जांच प्रेषित की गई है, राम सहाय इंटर कॉलेज शिवराजपुर की वरिष्ठतम प्रवक्ता श्रीमती आरती यादव के प्रत्यावेदन अपने हक मांगने की मांग आदतन लंबित है, दीपावली के पूर्व शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी को शासन से वेतन भुगतान करने के आदेश के उपरांत भी जनपद के 16 विद्यालयों का वेतन जिला विद्यालय निरीक्षक की साक्षरता के चलते प्राप्त नहीं हो सका, शासनद्वारा निर्धारित किए गए समय पर जनता जनार्दन से वर्तमान जिला विद्यालय निरीक्षक अपने कार्यालय में उपलब्ध नहीं रहते शासन के आदेश और मनसा की अपेक्षा हेतु दंडित करने हेतु प्रार्थना की गई युक्त प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से श्री दीक्षित के अतिरिक्त अफजाल अहमद, अनिल कुमार, एकतेदार अहमद, राम प्रताप यादव इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# पेंशन बढ़ोत्तरी, राशिकरण कटौती को बन्द किये जाने को लेकर दिया ज्ञापन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसो0 उ0प्र0 के प्रदेशव्यापी आ ?ह्वान पर आज कानपुर नगर के पेंशनरों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर एकत्र होकर जोरदार प्रदर्शन एसोसिएशन के अध्यक्ष बी0एल0 गुलाबिया के नेतृत्व में किया प्रदर्शन के दौरान गुलाबिया ने बताया कि सरकार राशिकरण की कटौती 15 वर्षों तक पेशनर्स से करती है जबकि पंजाब, हरियाणा, राजस्थान सरकार ने 10 वर्ष 11 माह के बाद कटौती को बंद कर दिया है तथा मा0 उच्च न्यायालय ने भी पेंशनर्स की मांग को स्वीकार कर 10 वर्ष 11 माह के बाद कटौती को स्थगित किये जाने के स्पष्ट आदेश को जारी किया है लेकिन सरकार आदेश जारी न करके तमाम पेंशनर्स को न्यायालय में जाने को विवश कर रही है। सरकार 20 वर्षों के बाद पेंशनर्स को 20 प्रतिशत पेंशन बढ़ोत्तरी करती है जबकि इस दौरान 70 प्रतिशत पेंशनर्स स्वर्ग सिधार जाते हैं और वे पेंशन का लाभ प्राप्त नहीं कर पाते हैं ऐसी स्थिति में प्रत्येक 5 वर्ष में कमशः:, 5, 10, 15 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी पेंशन में किया जाना न्यायोचित है। प्रदर्शन में केन्द्रीय पेंशन फोरम के महामंत्री आन्नद अवस्थी ने बताया कि पेंशनरों की मांगों पर यदि तत्काल प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार विचार नहीं करती है तो आज के आंदोलन की तरह केन्द्रीय पेंशनर्स भी राज्य के पेंशनरों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करने के लिए सदैव तैयार रहेंगें। प्रदर्शन में बी0एल0 गुलाबिया आर0पी0 श्रीवास्तव एडवोकेट, अशोक कुमार मिश्रा. कमल अग्रवाल, चन्द्रहास सिंह चौहान, सुनील कुमार शुक्ला, ताराचंद, कृष्ण बहादुर सिंह, रवीन्द्र कुमार मधुर,कुशवाहा, समेत सैकडो पेंशनर उपस्थित प्रतिष्ठा में,शिवकुमार, श्रीमती स्नेहलता लाल, राम रानी कटियार, विमला मिश्रा, कृष्णा द्विवेदी, राजेन्द्र द्विवेदी, बेचे लाल थे।

# दबंगो से मिलकर मकान कब्जा करा रही है पुलिस

## पुलिस कमिश्नर ने एसीपी को दिए जाँच के निर्देश

बीपीएस न्यूज

कानपुर। उत्तरप्रदेश के कानपुर में एक बार फिर दबंगों का तांडव देखने को मिला है और पीड़िता ने पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए बताया की उनके पुस्तैनी अविभाजित मकान को कोर्ट के स्टे होने के बावजूद जबरन पुलिस से सांठ गांठ करके दबंगों ने जबरन कब्जा कर लिया। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से की जिस पर पुलिस कमिश्नर ने पूरे प्रकरण की जाँच एसीपी स्वरूप नगर को सौप कार्यवाही के निर्देश दिए है। स्वरूप नगर थाना क्षेत्र निवासी हिना हासवानी ने मंगलवार को जर्नलिस्ट क्लब में प्रेसवार्ता कर बताया उनके पुस्तैनी मकान 113/45 स्वरूप नगर जो अविभाजित है मकान को बगैर केडीए से फ्रीहोल्ड कराये तथा बगैर किसी आपसी या कानूनी बंटवारे के धोखाधड़ी व जालसाजी से भोपाल निवासी जीतेन्द्र उर्फ़ बॉबी ने संजय हासवानी व कमल हासवानी व अन्य ने मकान 113/45 को मयंक रियल इस्टेट डेवलोपर्स प्रा.लि के निदेशक हरी मोहन गुप्ता को बेच दिया।

जिसके बाद उंसके पति राजकुमार ने कोर्ट में अपील की तो कोर्ट से मकान में यथा स्थिति बनाए रखने के लिए स्टे मिल गया। हिना हासवानी ने बताया कि बीते 8 नवम्बर को 5 अज्ञात लोग खुद को हरी मोहन गुप्ता के आदमी बताते हुए कहा कि उन्होंने यह मकान खरीद लिया है हम यहाँ पर कब्जा करने आये हैं जिसके बाद उन्होने पुलिस के 112 नंबर पर कॉल करके शिकायत की तो डायल 112 के आने से पहले ही स्वरुप नगर थाने के केडीए चौकी इंचार्ज कुलदीप बैसवा और कमल हासवानी आ गए और मकान खाली करने के लिए उन्हें और उनके किराएदारों को धमकाया और दूसरे दिन 9 नवम्बर को हरि मोहन के भाई हरिशंकर गुप्ता, उसका नौकर राहुल, अपने साथी सुमन व राज कुमार, जीतेन्द्र उर्फ़ बॉबी, कमल हासवानी व 3 अज्ञात महिलाएं तथा 8 हथियारबंद लोग जो कुल्हाड़ी, फावड़ा व बेलचा लिए हुए थे। मकान में ज़बरन अपनी गाड़ियां लेकर घुस आये तथा गाली गलौज करते हुए मकान की पहली मंजिल पर जबरन कब्जा लेने जाने लगे आरोप है कि जब पीड़िता ने हरी शंकर गुप्ता और उसके ड्राइवर सुमन व नौकर राहुल को रोका तो हरी शंकर ने अपने कमर में खुसी हुयी पिस्टल तान दिया और उनके साथ आये अन्य लोगो ने हिना को जान से मारने का प्रयास किया।

आरोप है कि पुलिस से मदद माँगने पर स्वरूप नगर की पुलिस और चौकी इंचार्ज केडीए ने आरोपियों पर कार्यवाही करने की जगह पीड़िता को ही जेल भेजने की धमकी देते हुए दबंगों की मकान पर कब्जा करवा दिया। जिसकी शिकायत थाना स्वरुप नगर में की परन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुयी। जिसके पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर से न्याय की गुहार लगाई है।

# सहकार भारती का उद्देश्य विकसित भारत बनाना है: अरविंद दुबे



बीपीएस न्यूज

कानपुर। सहकारिता सप्ताह के अन्तर्गत कानपुर महानगर कार्यकारिणी की बैठक सरस्वती शिशु मंदिर, गोविंद नगर में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री अरविंद दुबे एवं विभाग संयोजक नीरज त्रिपाठी ने भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजित बैठक में सहकार भारती की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा हुई। प्रदेश महामंत्री अरविंद दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि सहकार भारती का उद्देश्य विकसित भारत बनाना है, और इसके लिए संगठन को एकजुट होकर काम करना होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि सहकार भारती हर कार्य में सहयोग करेगी। विभाग संयोजक नीरज त्रिपाठी ने कहा कि सहकारिता के महत्व और सहकार भारती की भूमिका को समझने के लिए यह एक महत्वपूर्ण मंच है। इस आयोजन से सहकारिता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में इसके महत्व को समझने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि सहकारिता सप्ताह 14 नवंबर से 20 नवंबर तक मनाया जाता है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में अरविंद दुबे, नीरज त्रिपाठी, दीपेंद्र सिंह सिंगर, चंद्र प्रकाश अग्निहोत्री, विवेक द्विवेदी, सुमन गुप्ता, गीता त्रिपाठी, और मीनू चौरसिया, विभाग मीडिया प्रमुख जगनायक प्रधान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# नौबस्ता स्थित स्कूल में 'पहल' साइंस प्रदर्शनी का किया गया आयोजन




कानपुर। नौबस्ता संजय गांधी नगर स्थित पूनम्स पब्लिक स्कूल में 'पहल' साइंस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जहाँ बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए डीएनए मॉडल, अर्थ सेटेलाइट, चंद्रयान 3, प्रकृति संरक्षण, जल संरक्षण, प्रदूषण से हमें नुकसान, स्वचलित रोबोट, बजर गेम, हाइड्रोलिक गेम, जल संशोधन, हाइड्रोलिक पॉवर प्लांट आदि विषयों पर प्रदर्शनी लगाकर लोगो का मन मोह लिया। प्रदर्शनी में आये बच्चों के अभिभावकों ने बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी की भूरी भूरी प्रशंसा की। विद्यालय की प्रबंधक पूनम श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों में जागरूकता लाना और उनकी प्रतिभा का सम्मान करना है।

बच्चों में सेजल तिवारी, आराध्या तिवारी ने एसिड रैन, श्रेया सैनी ने डीएनए रोटेटिंग मॉडल, कृतिका, अनन्या ने मानव योग्यता, लेकांशी ने प्रदूषण मॉडल, प्रानवी, आराध्या ने जल स्वच्छता, शिवांशी यादव ने जल संरक्षण की प्रदर्शनी बनाकर हिस्सा लिया। प्रदर्शनी में विद्यालय की प्रबंधक पूनम श्रीवास्तव के अलावा धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सचिव आनंद, रितू पांडेय, कंचन, प्रियंका, सुमन, मधु, अभय, नेहा, सरिता, पूजा आदि अध्यापक, अध्यापिका का विशेष योगदान रहा।

# बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी युवा पीढ़ी को लग रहा सदमा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। समाजवादी पार्टी के संस्थापक भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव के 85 वे जन्म दिवस पर दिन में 3:00 बजे से सपा कार्यालय हाल में सपा के पदाधिकारियों कार्यकारिणी समिति के सदस्यों 15 फ्रंटल संगठनों अधिवक्ताओं शिक्षकों पीडीए मिशन की युवा टीम 88 वार्ड अध्यक्षो का परिचर्चा सम्मेलन सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में आरंभ हुआ जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया !जन्मदिन पर सर्वप्रथम श्रद्धेय सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्या अर्पण करते हुए सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने संबोधित करते हुए कहा कि पीडीए मिशन संविधान की रक्षा से मजबूत होगा क्योंकि भाजपा तहसीलदार लेखपालों की भर्ती अनुबंध पर विज्ञापन निकालकर संविधान की अनदेखी कर रही हैं आज संविधान की रक्षा और मंथन तथा अध्ययन की जागरूकता से पीडीए मिशन को मजबूती से कोई नहीं रोक पाएगा।

सपा कैंट के विधायक हाजी मोहम्मद हसन रूमी ने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी महंगाई से युवा पीढ़ी परेशान है आज वह सब सदमें में बढती परेशानियों के कारण बढ़ रही है क्योंकि उत्तर प्रदेश में लाखों छात्रों ने बीटीसी बी एड पास कर लिया लेकिन शिक्षकों को नौकरी मिलना दुभर हो गया है।

पीडीए परिचर्चा सम्मेलन में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद कैंट के विधायक हाजी मोहम्मद हसन रूमी प्रदेश सचिव के के शुक्ला महानगर के महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू नंदलाल जायसवाल आंनद शुक्ला प्रवक्ता रजत मिश्रा डॉक्टर कमलेश यादव नरेंद्र सिंह पिंटू ठाकुर दीपा यादव अर्पित त्रिवेदी दीपक खोटे शादाब आलम अरमान खान सत्यनारायण गहरवार साहेबे आलम सोनू दीपशिखा सिंह चंदी गुप्ता योगेंद्र यादव हेमंत गुप्ता राजेंद्र सोनकर विनोद यादव सुधीर त्रिवेदी हरभजन सिंह यादव शिवकुमार वाल्मीकि मोहम्मद सरिया एस एहसास बाबी नरेंद्र कुमार महिमा शर्मा अंकित अग्निहोत्री मोतीलाल प्रजापति दिनेश विश्वकर्मा मोहम्मद शादाब अब्दुल वहीद मंसूरी मनोज चौरसिया अमरजीत यादव इशरत इराकी इरफान हाशमी अमित चौरसिया शीतल चरण शर्मा शिवकुमार पासवान मुमताज मंसूरी राजेंद्र नेता साकिब अब्बासी मुकेश दीक्षित प्रवीण मिश्रा रोहित राज राजपूत आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# प्रतितोष आयोग ने दिया वीसी के खिलाफ गैर जमानती वारंट

## -केडीए ने वर्ष 2020 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की जो खारिज हो गई

बीपीएस न्यूज

कानपुर। जूही कलां में जवाहर विद्या समिति को 19 जनवरी 1984 को 5138.67 वर्ग मीटर का एक भूखंड आवंटित किया गया था। प्लाट पर कब्जा न मिलने पर जिला उपभोक्ता फोरम में की गई अपील पर 19 साल बाद आदेश दिया गया कि एक माह के भीतर रजिस्ट्री कराकर समिति को भूखंड का कब्जा दिया जाए। केडीए ने रजिस्ट्री तो कर दी लेकिन अभी तक कब्जा नहीं दिला पा रहा है। जमीन पर क्षेत्रीय रसूखदार लोगों ने पार्क बनाकर कब्जा कर लिया है। केडीए की टीम जब भी खाली कराने जाती है तो सैकड़ों लोग सड़क पर आ जाते हैं। इस वजह से जमीन खाली नहीं हो पा रही है।

कानपुर देहात की जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने केडीए वीसी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नर को इसे तामील कराने और केडीए वीसी को कोर्ट में हाजिर कराने का आदेश दिया है। बार-बार आदेश के बाद भी केडीए जमीन पर कब्जा नहीं दिला रहा है। जवाहर विद्या समिति के अधिवक्ता आशीष शुक्ला ने बताया कि निराला नगर पराग दूध डेयरी के सामने प्राइम लोकेशन जूही कला में जवाहर विद्या समिति को 19 जनवरी 1984 को 5138.67 वर्गमीटर का एक भूखंड आवंटित किया गया था। प्लॉट पर कब्जा न मिलने पर जवाहर विद्या समिति जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग चला गया था। कोर्ट इस जमीन पर कब्जा दिलाने का पूर्व में भी दो बार आदेश कर चुका है। लेकिन केडीए प्रवर्तन विभाग के अफसर सत शुक्ला दो बार दस्तावेज लेकर मौके पर तो गए लेकिन औपचारिकता करके लौट आए। इसके बाद अब फिर से जवाहर विद्या समिति की ओर से आवंटित भूखंड को लेकर हुए विवाद में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में दाखिल परिवाद संख्या 1222/2002 पर सख्ती से आदेश दिया है।आयोग ने केडीए वीसी के खिलाफ बुधवार को गैर जमानती वारंट जारी कर दिया है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नर को वारंट तामील कराने के साथ ही केडीए वीसी को कोर्ट में हाजिर करने का आदेश दिया है। अधिवक्ता आशीष शुक्ला ने बताया कि अब सुनवाई 16 दिसंबर को होगी। केडीए ने वर्ष 2020 में सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की लेकिन यह भी खारिज हो गई। इसके बाद तत्कालीन केडीए उपाध्यक्ष आरके सिंह ने 11 जनवरी 2021 को समिति को एक पत्र भेजकर तत्काल रजिस्ट्री कराने को कहा था। केडीए ने समिति के प्रबंधक सुधीर प्रकाश शुक्ला के नाम रजिस्ट्री कर दी। एक माह में कब्जा लेने के लिए पत्र भी दे दिया गया लेकिन जमीन पर केडीए अभी तक कब्जा नहीं दिला सका है।

# परमट मंदिर का 51 फीट ऊंचा और 90 फीट चौड़ा बनेगा द्वार

कानपुर। ऐतिहासिक आनंदेश्वर मंदिर का द्वार अब भव्य होगा। 1 करोड़ रुपए की लागत से द्वार स्टॉक एक्सचेंज पर तैयार किया जा रहा है। दावा है कि यूपी में बने मंदिरों के द्वारों में यह सबसे ऊंचा होगा। इसकी ऊंचाई 51 फीट और चौड़ाई 90 फीट होगी। श्रद्धालुओं के लिए द्वार पर बाबा आनंदेश्वर की महत्ता का बखान होगा। इस द्वार को 14 महीने में तैयार किया जाएगा। आनंदेश्वर मंदिर के महंत अरुण भारती ने बताया, प्राचीन आनंदेश्वर मंदिर को भव्य स्वरूप देने के लिए स्टॉक एक्सचेंज से आनंदेश्वर मंदिर की ओर जाने वाली रोड पर भव्य द्वार तैयार किया जा रहा है। जो मंदिर परिसर से करीब 450 मीटर की दूरी पर है। 12-12 फीट चौड़े 8 पिलरों पर 51 फीट ऊंचा द्वार तैयार किया जाएगा। आनंदेश्वर महंत के मुताबिक, यह प्रदेश का यह पहला सबसे ऊंचा द्वार होगा। द्वार राजस्थानी ग्रेनाइट से तैयार किया जाएगा। जिसमें बाबा आनंदेश्वर समेत सभी देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित की जाएंगी। इसके महादेव गणों से जुड़ी जैसे डमरू, नंदी, शंख, चक्र, गदा द्वार पर सजाए जाएंगें। इसके साथ द्वार पर नक्काशी से कलाकृतियां तैयार की जाएंगी।

# पॉलिसी रिंनूयल के नाम पर ठगी करने वाले बैंकर्स दंपति गिरफ्तार




बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस आयुक्त, व अपर पुलिस आयुक्त अपराध के निर्देशन में पुलिस उपायुक्त अपराध व अपर पुलिस उपायुक्त अपराध, के कुशल पर्यवेक्षण में, बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम के दृष्टिगत पुलिस कमिश्नरेट के एसीपी साइबर अपराध के निर्देशन में थाना साइबर क्राइम पर 15.नवंबर को पंजीकृत मु0अ0सं0 91/2024 धारा 318 (4)/338/336(3)/340 (2) बी.एन.एस व 66 सी/66 डी आईटी एक्ट में वादी मोहम्मद इस्माइल सय्यद पुत्र स्व0 रशीदुल हसन निवासी फ्लैट नंबर ए1001 जे0एस0 द एड्रेस नियर विशाल मेगा मार्ट, लाल बंगला से साइबर ठगों द्वारा उनकी बीमा पॉलिसियों को रिन्यूवल के नाम पर कुटरचित उपभोक्ता विभाग के दस्तावेज व फर्जी बीमा लोकपाल परिषद् के दस्तावेज भेजकर कुल 41 लाख रुपयों की साइबर ठगी की गयी ।साइबर क्राइम थाना/ साइबर सेल पुलिस द्वारा प्रकरण को संज्ञान लेकर त्वरित वैधानिक कार्यवाही करते हुये धोखाधड़ी/ साइबर ठगी करने वाले गिरोह को चिन्हित किया और महत्वपूर्ण सफलता मिली जिसमें 20 नवंबर को साइबर ठगी करने वाले प्राईवेट बैंक कर्मी पति-पत्नी को नोएडा जनपद गौतमबुद्ध नगर से गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त डिवाइस तथा अन्य साम्रगी बरामद हुई। थाना साइबर क्राइम द्वारा न्यायालय कानपुर नगर में प्रस्तुत करके रिमाण्ड पर जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है अपराध का तरीका- प्रकरण में गिरफ्तार अभियुक्त से कारित अपराध के संबंध में पूछताछ की गयी तो बताया गया कि हम लोग जस्टडायल की साइट से ब्रेक लैप्स हुई इंश्योरेंस पॉलसियों धारकों का डेटा प्राप्त कर पॉलिसी धारकों को कॉल करके उनको उनकी ब्रेक लैप्स हुई इंश्योरेंस पॉलसियों को रिन्यूवल करने व अन्य लाभ के लालच देकर तथा उनकी पॉलिसियों के सम्बन्धित फर्जी कुटरचित उपभोक्ता विभाग के दस्तावेज व फर्जी बीमा लोकपाल परिषद् के दस्तावेज भेजकर भिन्न भिन्न चार्जेस् के नाम पर ऑनलाइन पैसे की धोखाधड़ी/साइबर ठगी करते है। पकड़े जाने के डर से हम लोग पुलिस को गुमराह करने के अपनी गाडी से भिन्न भिन्न स्थानों पर घूम-घूम कर साइबर ठगी की घटना को अंजाम देते है।

# नव प्रवेशित छात्र छात्राओं हेतु हुआ ओरियंटेशन

कानपुर। सीएसए के अनुवांशिक एवं पादप प्रजनन विभाग में परास्नातक एवं पीएचडी छात्र छात्राओं हेतु ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभाग अध्यक्ष डॉ आरके यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ ।इस अवसर पर उन्होंने नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को विभाग में प्रवेश पर बधाई देते हुए उनकी शिक्षा यात्रा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ यादव ने छात्र छात्रों से कहा कि आपके सर्वांगीण विकास हेतु हम सदैव आपके साथ हैं ।मुझे आपकी उपस्थिति से इस प्रकार का आनंद हो रहा है जैसा कि एक परिवार का मुखिया किसी शिशु के जन्म के अवसर पर करता है मैं इस प्रसन्न हृदय से आप सभी के लिए मंगल कामना करता हूं। उपस्थित सभी शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य हेतु उनकी उन्नति एवं प्रगति के लिए शुभकामनाएं दी।

# महाराष्ट्र में महायुति की जीत पर बोले प्रधानमंत्री मोदी, एकजुट होकर हम भरेंगे ऊंची उड़ान



महाराष्ट्र में एनडीए की भारी जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि विकास और सुशासन की जीत हुई। मोदी ने एक्स पर लिखा कि एकजुट होकर हम और भी ऊंची उड़ान भरेंगे ! उन्होंने कहा कि एनडीए को ऐतिहासिक जनादेश देने के लिए महाराष्ट्र की मेरी बहनों और भाइयों, विशेषकर राज्य के युवाओं और महिलाओं को हार्दिक आभार। यह स्नेह और गर्मजोशी अद्वितीय है। मैं लोगों को आश्वस्त करता हूं कि हमारा गठबंधन महाराष्ट्र की प्रगति के लिए काम करता रहेगा। जय महाराष्ट्र !मोदी ने आगे लिखा कि एनडीए के जन-समर्थक प्रयास सर्वत्र गूंज रहे हैं ! मैं विभिन्न उप-चुनावों में एनडीए उम्मीदवारों को आशीर्वाद देने के लिए विभिन्न राज्यों के लोगों को धन्यवाद देता हूं। हम उनके सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे जमीन पर उनके प्रयासों के लिए प्रत्येक एनडीए कार्यकर्ता पर गर्व है। उन्होंने कड़ी मेहनत की, लोगों के बीच गए और हमारे सुशासन के एजेंडे को विस्तार से बताया।झारखंड में जीत के लिए पीएम ने हेमंत सोरेन को बधाई दी है। उन्होंने लिखा कि मैं झारखंड के लोगों को हमारे प्रति उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। हम लोगों के मुद्दों को उठाने और राज्य के लिए काम करने में हमेशा आगे रहेंगे। मैं राज्य में उनके प्रदर्शन के लिए झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को भी बधाई देता हूं। महाराष्ट्र में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति ने महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन के खिलाफ अजेय बढ़ हासिल कर ली, जबकि झारखंड में 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस) सत्ता में वापसी करता दिख रहा है।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मतों की गिनती के साथ ही भाजपा में जश्न का माहौल है जहां 149 सीट पर चुनाव लड़ने वाली पार्टी 125 सीट जीतने की ओर अग्रसर है। शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ मिलकर भाजपा नीत सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन राज्य की 288 सीट में से 219 सीट जीतने की ओर अग्रसर है, जबकि कांग्रेस-शिवसेना (उबाठा), राकांपा (एसपी) गठबंधन को सिर्फ 51 सीट पर ही जीत मिलने की संभावना है। दोनों राज्यों के मतदाता बदलाव के बजाय निरंतरता के पक्ष में हैं।

## यूपी में बीजेपी रिटर्न, काम कर गया योगी का बटोगे तो कटोगे का नारा, बसपा सभी सीटों पर पीछे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव को जो राजनैतिक पंडित 2027 के विधान सभा चुनाव से पूर्व सेमीफाइनल मान रहे थे,उनके समाने अब तस्वीर साफ हो गई है। बीजेपी सात सीटो पर बढ़त बनाये हुए है, वहीं समाजवादी पार्टी कानपुर की सीसामऊ सीट से चुनाव जीत गई है और मैनपुरी की करहल सीट से बढ़त बनाये हुए है। सपा को सबसे बड़ा झटका मुरादाबाद की कुंदरकी और कटेहरी विधान सभा सीट पर लगा है। कुंदरकी में तो बीजेपी की जीत लगभग तय हो गई है। फिलहाल मतगणना अभी जारी है। रुझानों में मायावती को उपचुनाव में बड़ा झटका लगता हुआ नजर आ रहा है। बसपा प्रत्याशी सभी सीटों पर रिकॉर्ड मतों से पीछे चल रहे हैं।

# भारतीयों को उठा कर भाग रहा था पाकिस्तानी जहाज, सेना ने उतारे कमांडो

भारतीय तटरक्षक बलों ने एक बड़ा एक्शन किया है। खबर है कि इंडियन कोस्ट गार्ड के जहाज ने 17 नवंबर को सात भारतीय मछुआरों को बचा लिया। पाकिस्तानी मेरीटाइम सिक्योरिटी एजेंसी का जहाज पीएमएस नुसरत इन मछुआरों को जबरदस्ती गिरफ्तार करके अपनी सीमा पर ले जा रहा था। यानी भारत और पाकिस्तान सीमा के पास से इन मछुआरों को पकड़ रहा था। 17 नवंबर 2024 की दोपहर साढ़े तीन बजे भारतीय तटरक्षक बल के जहाज आईसीजी अग्रिम के पास एक इमरजेंसी कॉल आया। ये एक डिस्ट्रेस कॉल थी यानी मदद के लिए बुलावा। ये कॉल भारतीय फिशिंग बोर्ट काल भैरव से आई थी। जो नो फिशिंग जोन के पास मछली पकड़ रहा था। इसी पाकिस्तानी जहाज ने इंटरसेप्ट कर रोक लिया। उसके बाद उस पर मौजूद सात मछुआरों को पकड़कर वे पाकिस्तान ले जाने का प्लान कर रहे थे। लेकिन आईसीजी की अग्रिम ने फुल स्पीड में जाकर पाकिस्तानी जहाज नुसरत को रोका।

दो घंटे तक चूहा बिल्ली की तरह समुद्र में रेस चलती रही। इसके बाद पाकिस्तानी जहाज को कहा गया कि भारतीय मछुआरों को छोड़ दिया जाए। आखिरकार धमकी और समझाइस काम आई। पाकिस्तानी जहाज ने नाव और मछुआरों को छोड़ा। लेकिन काल भैरव नाव टूट गई और समुद्र में ही डूब गई। इसके बाद आईसीजी अग्रिम जहाज मछुआरों को लेकर गुजरात के ओखा बंदरगाह पर 18 नवंबर को वापस आई है। अब खुफिया एजेंसियां, राज्य की पुलिस मछुआरों से पूछताछ कर रही हैं। साथ ही ये रिपोर्ट भी तैयार की जा रही है कि ये टकराव समुद्र में हुआ कैसे। लेकिन जिस तरह से भारतीय तट रक्षक बलों ने पाकिस्तान के आगे अपना एक्शन दिखाया।

अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि तटरक्षक बल को रविवार दोपहर को मछली पकड़ने के लिए निषिद्ध क्षेत्र (एनएफजेड) के पास काम कर रही एक भारतीय मछली पकड़ने वाली नाव से संकटकालीन संकेत प्राप्त हुआ, जिसके बाद बचाव अभियान के लिए एक जहाज भेजा गया। इसमें कहा गया कि आईसीजी जहाज ने पीएमएसए जहाज को रोका और उन्हें भारतीय मछुआरों को छोड़ने के लिए राजी किया। आईसीजी जहाज सात मछुआरों को सुरक्षित वापस लाने में सफल रहा, जिनकी चिकित्सा स्थिति स्थिर पाई गई। तटीय सुरक्षा एजेंसी ने बताया कि हालांकि, घटना के दौरान भारतीय मछली पकड़ने वाली नाव काल भैरव क्षतिग्रस्त हो गई और डूब गई।

# मणिपुर हिंसा पर सरकार का एक्शन, तैनात होंगे 10,000 अतिरिक्त सैनिक, शांति बहाल की कोशिश जारी

केंद्र जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर में 10,000 से अधिक सैनिकों को भेजेगा, जिससे पड़ोसी राज्य म्यांमार में केंद्रीय बलों की कुल कंपनियों की संख्या 288 हो जाएगी। मणिपुर के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने राज्य की राजधानी इम्फाल में संवाददाताओं से कहा, 90 कंपनियों या केंद्रीय बलों के लगभग 10,800 कर्मियों के साथ, मणिपुर में तैनात कंपनियों की कुल संख्या 288 तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि हमें बलों की 90 कंपनियां मिल रही हैं।' इसका एक बड़ा हिस्सा पहले ही इंफाल पहुंच चुका है। हम नागरिकों के जीवन और संपत्तियों की रक्षा करने और संवेदनशील क्षेत्रों और बिंदुओं की निगरानी के लिए बलों का वितरण कर रहे हैं।

सिंह ने कहा कि मई 2023 में मैतेई समुदाय और कुकी जनजातियों के बीच झड़प शुरू होने के बाद से सुरक्षा बलों ने अब तक पुलिस शस्त्रागार से लूटे गए लगभग 3,000 हथियार बरामद किए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सेना, असम राइफल्स, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सशस्त्र सीमा बल सहित सभी बल मिलकर काम कर रहे हैं।

वहीं, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने शुक्रवार को कहा कि 16 नवंबर को विरोध प्रदर्शन के दौरान मंत्रियों और विधायकों की संपत्ति लूटने में शामिल संदिग्धों की पहचान कर ली गई है और इस संबंध में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने एक मंत्री के दिवंगत पिता की तस्वीर को उनके घर में जलाने, एक विधायक के आवास में लूटपाट करने और एक कार शोरूम में गोलीबारी करने जैसी घटनाओं की निंदा की और आश्चर्य जताया कि क्या इस तरह के कृत्य किसी आंदोलन का हिस्सा हो सकते हैं।

# बिहार में बीयर नहीं मिली तो भड़का 2.5 करोड़ का भैंसा, मालिक बोला- मूड खराब है उसका

बिहार के विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला में हरियाणा के जींद नस्ल के बनारस से आये दो करोड़ पांच लाख रुपए कीमत का मुर्रा नस्ल का भैंसा बीयर नही मिलने से नाराज है. भैंसे का नाम राजा है. मेला में ये भैंसा आकर्षण का केंद्र बना हुआ है. यह भैसा न सिर्फ अपनी लंबी-चौड़ी कद-काठी और दमदार स्वास्थ्य के लिए मशहूर है, बल्कि इसकी खासियत इसकी अनोखी खुराक है. लेकिन बिहार में शराबबंदी के कारण यह भैंसा सुस्त हो गया है. क्योंकि इसे बीयर नहीं मिल रही है. राजा भैंसा को रोजाना सेव, चना, गेहूं का दाना, दूध और पौष्टिक चारा के साथ सुबह-शाम बीयर चाहिए .

बीयर इसकी चुस्ती-फुर्ती बनाए रखने में मदद करती है. बिहार में शराबबंदी के कारण इसे बीयर नहीं मिल पा रहा है, जिससे भैंसा सुस्त हो गया है और भैंसा का मालिक वापस जाने को तैयार है. भैसे के मालिक रामजतन यादव कहते हैं कि भैंसा राजा हरियाणा की एक खास नस्ल का भैसा है. सोनपुर मेले में राजा को देखने के लिए भीड़ उमड़ रही है, लेकिन बिहार की शराबबंदी नीति के चलते यह भैसा परेशान और सुस्त नजर आ रहा है. पिछले चार दिनों से बिना बीयर के राजा का मूड खराब है और वह अपनी नियमित खुराक भी ठीक से नहीं खा रहा है.

भैंसा राजा हरियाणा की एक खास नस्ल का भैसा है. सोनपुर मेले में राजा को देखने के लिए भीड़ उमड़ रही है, लेकिन बिहार की शराबबंदी नीति के चलते यह भैसा परेशान और सुस्त नजर आ रहा है. पिछले चार दिनों से बिना बियर के राजा का मूड खराब है और वह अपनी नियमित खुराक भी ठीक से नहीं खा रहा है. लिहाजा अब भैंसा लाने वाले परेशान हैं कह रहे हैं कि सरकार नही सुन रही है और बीयर बिना उनके भैंसे को रखना उसे बीमार करना है इसलिए अब वे भैंसा को वापस ले जाना चाहते हैं. बिहार में शराब न मिलने के कारण 'राजा' की हालत बिगड़ रही है. मेला में भैंसा राजा को देखने आने वाले कहते हैं कि 2 बोतल बीयर का इंतज़ाम कराना चाहिए था सरकार को.

# कांग्रेस नेता दिग्विजय ने हिंदू को आतंकवाद से जोड़ा, बेटा जयवर्धन बाबा बागेश्वर की यात्रा में शामिल बोला- भारत हिंदू राष्ट्र है

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने 'हिंदू आतंकवाद' जैसे शब्दों का इजाद किया और उसे आगे बढ़ाया लेकिन उनके बेटे और राज्य सरकार के पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह शायद अपने पिता के जैसी सोच नहीं रखते हैं। हम आपको बता दें कि कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह बागेश्वर धाम सरकार के नाम से मशहूर आध्यात्मिक नेता धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हिंदू एकता यात्रा में शामिल हुए और कहा है कि हम सनातन के भक्त हैं और रहेंगे। बागेश्वर बाबा ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में हिंदू एकता के लिए अपने समर्थकों के साथ 160 किलोमीटर की पदयात्रा शुरू की थी। नौ दिवसीय ''हिंदू एकता पद यात्रा'' बागेश्वर धाम से शुरू हुई जो निवाड़ी जिले के ओरछा में श्री राम राजा मंदिर में समाप्त होगी। ओरछा में श्रीराम को भगवान और राजा के रूप में पूजा जाता है तथा अक्सर भक्तों द्वारा इसे ''दूसरी अयोध्या'' कहा जाता है। इस दौरान आध्यात्मिक नेता ने कहा, ''यह सभी सनातनियों को एक सूत्र में पिरोने के लिए है।'' हम आपको बता दें कि यात्रा में उनके सैंकड़ों समर्थक ''हिंदू राष्ट्र'' की मांग वाली तख्तियां लिए हुए थे। यात्रा की शुरुआत में भाग लेने वालों में प्रदेश भाजपा प्रमुख और लोकसभा सांसद वीडी शर्मा और राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार भी शामिल थे।जहां तक जयवर्धन सिंह के बयान की बात है तो आपको बता दें कि उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा है कि जात-पात को खत्म करने के लिए यह यात्रा जरूरी है। जयवर्धन सिंह का यह बयान इसलिए मायने रखता है क्योंकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं जबकि जयवर्धन सिंह जात-पात को खत्म करने और हिंदू एकता की बात कर रहे हैं। जयवर्धन सिंह ने साथ ही यह भी कहा है कि यदि संत चाहते हैं तो सनातन बोर्ड का गठन करना चाहिए। जयवर्धन सिंह ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि वह शुरू से ही बागेश्वर सरकार के भक्त रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सनातन धर्म का पालन करते हैं और जातिवाद से ऊपर उठकर ही देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि सभी समाजों को एक प्रकार का सम्मान देंगे तभी समाज का भला होगा। हिंदू राष्ट्र के मुद्दे पर जयवर्धन सिंह ने कहा कि हिंदू धर्म की शुरुआत भारत से हुई है तो यह स्वाभाविक कि भारत हिंदू राष्ट्र होगा और यह तो हमने हमेशा माना है।

# संभल में हरिहर मंदिर के ऊपर बनी मस्जिद! मदनी-ओवैसी के बयान से सियासी बवाल



यूपी के संभल की जामा मस्जिद से जुड़ी कंट्रोवर्सी पर जमीयत-उलेमा-ए-हिंद ने बड़ा बयान दिया है. मौलाना महमूद मदनी ने कहा है कि यूपी में गड़े मुर्दे उखाड़ने से देश की धर्मनिरपेक्ष बुनियादें हिल रही हैं. अब मदनी के बयान पर लोग इसलिए सवाल उठ रहे हैं क्योंकि सर्वे का काम कोर्ट के आदेश पर शुरू किया गया था, जो आगे भी जारी रहेगा. सर्वेक्षण के पहले दिन एडवोकेट कमीशन की टीम ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मस्जिद के अंदर वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की. वहीं इस एक्शन से भड़के अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी के मौजूद सांसद जिया उर रहमान बर्क ने कहा कि ये मस्जिद है और मस्जिद ही रहेगी.शाही जामा मस्जिद पर हिंदुओं ने दावा किया है. हिंदू पक्ष ने मस्जिद को प्राचीन श्रीहरिहर मंदिर बताया. दावा है कि मंदिर को बाबर ने मस्जिद बना दिया. मस्जिद के अंदर मंदिर के सबूत भी होने का दावा किया. इसके बाद हिंदू पक्ष की ओर से कोर्ट में याचिका दायर की गई थी. कोर्ट से आदेश दिया गया कि एक दिन में सर्वे पूरा हो और 7 दिन के अंदर कोर्ट में सर्वे रिपोर्ट जमा की जाए. ये याचिका कैलादेवी मंदिर के महंत ऋषिराज गिरी ने दायर की थी. हिंदू पक्ष की ओर से विष्णु शंकर जैन मामले के वकील हैं. इस स्पीडी ट्रायल को लेकर ओवैसी के होश उड़ गए हैं.

संभल जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष जफर अली का दावा है कि ये मस्जिद थी. जबकि हिंदू पक्ष का दावा है कि ये मंदिर है.

इससे पहले बुधवार को कैला देवी मंदिर के महंत ऋषिराज गिरी की शाही जामा मस्जिद में प्रवेश से रोका गया था. महंत ऋषिराज गिरी काफी देर तक शाही जामा मस्जिद के गेट पर खड़े रहे. पूरा शहर छावनी में तब्दील है. सम्भल सदर कोतवाली इलाके की शाही जामा मस्जिद का विवाद कोर्ट में जाने के बाद जिला प्रशासन मुस्तैद है. डीएम राजेंद्र पेंसिया, एसपी कृष्ण कुमार कई थानों की फोर्स की मौजूदगी में राउंड लेते रहे. इसी दौरान समाजवादी पार्टी के सांसद जिया उर रहमान वर्क भी शाही जामा मस्जिद पहुंचे. इससे पहले तक सर्वे खत्म हो चुका था. सर्वे टीम ने ड्रोन और अन्य उपकरणों से शाही मस्जिद की वीडियो ग्राफी करने के साथ अन्य सबूत जुटाए.आपको बताते चलें कि शाही जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने के दावे पर मौलाना और मुस्लिम समुदाय के लोग भड़के हुए है.

# बागेश्वर बाबा की 'हिंदू जगाओ यात्रा' को लेकर उमड़ा जनसैलाब



बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री आज से मध्य प्रदेश के छतरपुर में हिंदू जगाओ यात्रा शुरू कर रहे हैं. संतों की मौजूदगी में ये यात्रा 9 दिन तक चलेगी. इस पदयात्रा का मकसद हिंदुओं में जाति भेदभाव, छुआछूत को मिटाना है और हिंदुओं को एकजुट करना है. बाबा बागेश्वर की इस पदयात्रा के लिए छतरपुर में बागेश्वर धाम में बड़ी भीड़ मौजूद है. भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की बातें करने वाले, हिंदुओं को एकजुट करने का आह्वान करने वाले और अपने हिंदूवादी बयानों की वजह से चर्चा में रहने वाले बागेश्वर बाबा अब हिंदू एकता के संकल्प के साथ पदयात्रा कर रहे हैं. आज से इस यात्रा की शुरूआत हुई है. धीरेंद्र शास्त्री की ये यात्रा हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से शुरू होकर 29 तारीख तक ओरछा धाम पर जानी है. बाबा बागेश्वर पदयात्रा के जरिए हिंदुओं को जोड़ने की बात कर रहे हैं. इस पदयात्रा से पहले बागेश्वर धाम में हज़ारों श्रद्धालु जमा हुए हैं. धीरेंद्र शास्त्री पहले भी कई मौकों पर हिंदुओं पर खतरे की बात कह चुके हैं. और कल जब यात्रा से पहले उन्होंने लोगों को संबोधित किया तब भी इसी बात को दोहराया. धीरेंद्र शास्त्री बार-बार हिंदुओं को एकजुट और संगठित होने की बात करते रहे हैं.

बाबा बागेश्वर की इस पदयात्रा के लिए कड़ी सुरक्षा के इंतज़ाम किए गए हैं. बाबा पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री 'हिंदू जगाओ यात्रा' के दौरान हर दिन करीब 20 किलोमीटर पैदल चलकर यात्रा करेंगे.

धीरेंद्र शास्त्री की अगुवाई में निकलने वाली ये यात्रा 160 किमी की दूरी तय करेगी. इस दौरान बागेश्वर धाम पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री कई स्थानों पर रुककर भव्य भजन संध्या जैसे कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे. आठ दिन चलने के बाद 29 नवंबर 2024 को इस यात्रा का समापन होगा. धीरेंद्र शास्त्री के मुताबिक पदयात्रा सनातन के जागरण और हिंदुओं को आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई है.

# डॉक्टर ने कहा- मर गया मरीज, चिता पर जिंदा हो गया मुर्दा!

झुंझुनू के बीडीके अस्पताल में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें एक व्यक्ति को मृत घोषित करने के बाद चिता पर लिटाने के बाद वह अचानक जिंदा हो गया. यह मामला अब प्रशासन के लिए चुनौती बन गया है, और जिला कलक्टर ने पूरी घटना की जांच के लिए एक टीम गठित कर दी थी. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रात 12 बजे के बाद ही अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) सहित तीन डॉक्टरों को सस्पेंड कर दिया गया है.

यह घटना बगड़ के एक निराश्रित गृह में रहने वाले मूक बधिर व्यक्ति रोहिताश्व के साथ हुई. गुरुवार दोपहर को 47 साल के रोहिताश्व की तबीयत बिगड़ी और उसे बीडीके अस्पताल में लाया गया. अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मुर्दाघर में रखवा दिया गया और पंचनामा तैयार कर उसे निराश्रित गृह के संचालक को सौंप दिया गया.

देर शाम जब रोहिताश्व का अंतिम संस्कार किया जा रहा था, तभी अचानक चमत्कारी रूप से उसकी सांस चलने लगी. यह देख मौके पर अफरा-तफरी मच गई और तत्काल उसे फिर से बीडीके अस्पताल लाया गया. अस्पताल में उसे आईसीयू में भर्ती कर लिया गया, जहां उसका इलाज शुरू किया गया. इस घटना के बाद बीडीके अस्पताल में हड़कंप मच गया और चिकित्सकों के खिलाफ सवाल उठने लगे. अस्पताल प्रशासन ने इस मामले पर चुप्पी साध रखी है और अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है. ।

# उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ को मान्यता प्राप्त आल इण्डिया एस.टी/ एस.सी.ऐशोसिऐसन ने दिया समर्थन

प्रयागराज एस.टी/एस.सी. ऐशोसिऐसन के केन्द्रीय कार्यालय में बैठक संपन्न हुई। जिसमे एस.टी/एस.सी. ऐशोसिऐसन के अध्यक्ष किशन स्वरूप एवं महामंत्री दिनेश कुमार ने सयुंक्त महामंत्री रूपम पांडेय को समर्थन दिया, इस मौके पर ऐशोसिऐसन के मण्डल अध्यक्ष त्रिदेव, शाखा मंत्री बसंतलाल तथा संघ के सयुंक्त मंडल मंत्री श्री सत्यम गुप्ता और शाखा अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव तथा मोहित सिंह रहे।एस.टी/एस.सी. ऐशोसिऐसन के अध्यक्ष और महामंत्री ने ऐशोसिऐसन की शाखाओ के निर्देश दिये कि इस बार मान्यता चुनाव मे उत्तर मध्य रेलवेकर्मचारी संघ को समर्थन करना है, साथ ही साथ रेल के सभी एस.टी/एस.सी. भाईयो से अनुरोध किया कि भारतीय मजदूर संघ / उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ अंबेडकर वादी विचार धारा के है और हम सभी का विश्वास है।रूपम पाण्डेय ने बताया कि सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और हम सभी मिलकर रेल कर्मचारियो के हक- की लडाई लडेगे, साथ ही साथ यह भी बताया की किसी कर्मचारी की दरुघटना मे मृत्यु हो जाये तो सिर्फ 30100 रूपये इन्श्योरेस के मिलते न जलाने का खर्च है न दफनाने का खर्च हो पाता है, माता पिता को मेडिकल और रेलवे पास की सुविधा नही जबकि माता पिता परिवार के पहले सदस्य है दुर्भाग्य देखिये कि मान्यताप्राप्त यूनियन 100 वर्ष से है रेल के अलावा अन्य केंद्रीय विभागो मे सुविधा है यहा तक कि राज्य सरकारो मे भी मिलने लगी है परन्तु रेल कमा के दे रहा और रेल कर्मचारियो को सुविधा नही। इन्ही मान्यताप्राप्त यूनियन ने पहले हक्क फिर हक्क पर सहमती देकर कर्मचारियो के साथ विश्वास घात किया है, हमारा संघ उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ( स्क्र्यस) तीसरे विकल्प के रूप मे कर्मचारियों के विश्वास है।भारत का यह एक मात्र ऐसा संगठन है जिसमे कोई भी रिटायर्ड नहीं है तथा ये युवा/एन पी एस कर्मचारियों के नेतृत्व का प्रथम संगठन है।

विडंबना देखिये जो रिटायर्ड नेता चुनाव मे खुद वोट नही दे सकते वो अपने लिये वोट मांग रहे है। रिटायर्ड मान्यताप्राप्त नेता अपने और अपने परिवार का सिर्फ भला कर रहे बाकि कर्मचारी भुगत रहा है।

# शराब समझकर बुजुर्ग ने गटका 'टॉयलेट क्लीनर', हुई मौत

उत्तराखंड के पौड़ी जिले में नशे की हालत में एक बुजुर्ग ने कथित रूप से शराब के धोखे में 'टॉयलेट क्लीनर' गटक लिया जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान भगवान सिंह (67) के तौर पर हुई है जो यहां जामला गांव के रहने वाले थे।

पौड़ी पुलिस थाने के प्रभारी अमरजीत सिंह ने परिजनों के हवाले से बताया कि अपनी भतीजी के शादी समारोह में शामिल होने के बाद रविवार रात घर लौटे सिंह ने नशे की हालत में गलती से 'टॉयलेट क्लीनर' पी लिया।

उन्होंने बताया कि सिंह के घर में एक कांच की बोतल में 'टॉयलेट क्लीनर' रखा हुआ था जिसे नशे की हालत में उन्होंने शराब समझ लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि 'टॉयलेट क्लीनर' पीने के बाद सिंह की तबियत बिगड़ने लगी जिसके बाद परिजन उन्हें गांव से लगभग 13 किलोमीटर दूर जिला अस्पताल पौड़ी लाए जहां सोमवार को सिंह ने दम तोड़ दिया। पौड़ी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

# नसीम सोलंकी ने भाजपा के प्रत्याशी सुरेश अवस्थी को 8629 वोट से हराया

## सीसामऊ में नसीम के आंसूओं ने मतदाताओं की भावनाओं को कुरेदा





कानपुर।समाजवादी पार्टी की सीसामऊ प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने भाजपा के प्रत्याशी सुरेश अवस्थी को 8629 वोट से हराया नौबस्ता गल्ला मंडी में जब नसीम सोलंकी जीती तो मौजूद कार्यकर्ताओं में उत्साह देखते बन रहा था मौजूद विधायक अमिताभ बाजपेई हाथ में फुटबॉल लिए थे जो भाजपा प्रत्याशी को इसका उदाहरण दे रहे थे पूर्व एमएलसी सुनील साजन ने कहा कि यह जीत महंगाई भ्रष्टाचार अत्याचार, के साथ- सांप्रदायिक टैक्टर की हर है नसीम सोलंकी ने खुदा को शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि मैं क्षेत्र की जनता के साथ-साथ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सहित समाजवादी सभी नेताओं





और कार्यकर्ताओं की हमेशा कर्जदार रहूंगी।मैं अल्लाह ताला से दुआ मांगती हूं कि देश में सांप्रदायिक तत्वों का सफाया हो और देश में अमन चैन वापस आए मैं सभी धर्मों का सम्मान करती हूं मैं सभी धर्म स्थलों में जाऊंगी नसीम सोलंकी की जीत होते ही केंद्र कार्यालय पर बड़ेनेताओं का जमावड़ा लग गया कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी में मिष्ठान वितरण कर आतिशबाजी की। इस अवसर पर कैंट विधायक हसन रूमी, पूर्व राज्य मंत्री नीलम उर्मिला सिंह, पूर्व अध्यक्ष नसरुद्दीन सिद्दीकी, राष्ट्रीय सचिव राम गोपाल पुरी, पार्षद फक्कर इकबाल, पार्षद इशरत अली, आदि लोग रहे।

# एन्टीबायोटिक के दुष्प्रभावों पर माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने किया जागरूकता कार्यक्रम



बीपीएस न्यूज

कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर के माइकोबायोलॉजी विभाग द्वारा मरीजो के इलाज में उपयोग की जाने वाली एन्टीबायोटिक दवाइयों के विचार शून्य प्रयोग किए जाने से होने वाले दुष्प्रभावो के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।यह आयोजन 18 नवम्बर से 24 नवम्ब, 24 तक एण्टीमाइक्रोबायोल रजिस्टेंस एवेयरनेस वीक सेलेब्रेशन के लिए चलाया जा रहा है।इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्ष - 2024 में डब्लूएचओ के द्वारा एजूकेट एडवोकेट एक्ट नॉउ करना है जोकि एमओएचएफडब्लू के द्वारा नेशनल प्रोग्राम ऑन ए.एम.आर कॉनटेंमेंट के अर्न्तगत जीएसवीएम मेडिकल के माइक्रोबायोलॉजी विभाग कालेज में एएमआर सर्विलांस संचालित है।कार्यक्रम शुरुआत माइकोबायोलजी विभाग की विभागाध्यक्ष एवं इस कार्यशाला की अध्यक्षा सुरैया खानम अंसारी द्वारा विशिष्ट अतिथि पेटन डीन एवं प्रधानाचार्य प्रो0 डॉ संजय काला द्वारा किया गया।18 नवम्बर,2024 के कार्यक्रम में एम.बी.बी.एस पैरा क्यू-2 के छात्रो द्वारा रैली निकाली गई जो प्राचार्य कार्यालय पोर्टिको से प्रारम्भ होकर लाला लाजपत राय चिकित्सालय तक गई।जिसमें एन्टीबायोटिक के सही उपयोग एवं विचार शून्य प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावो के सबंध में विभिन्न संकाय सदस्यो , नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टॉफ को जागरूक किया। वही 19 नवम्बर को एम.बी.बी.एस पैरा क्यू-2 के छात्रो द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। तो 21 नवम्बर को पैरामेडिकल छात्रो एवं एम.बी.बी.एस छात्रो द्वारा एण्टीबायोटिक जागरूकता के सन्दर्भ में नुक्कड नाटक के माध्यम से मरीजो और उनके तीमारदारो को दवा के प्रभाव के बारे में जागरूक किया ।22 नवम्बर को एम.बी.बी.एस छात्रो द्वारा रंगोली की प्रस्तुति की गई तो 23 नवम्बर को सुबह 9 बजे से 10 बजे तक डॉ रजनी सिंह ए.एम.आर नोडल अधिकारी द्वारा एण्टीमाइक्रोबायोल रजिस्टेंट के सम्बंध में पैरा एस-2 के छात्रो के मध्य व्याख्यान व्यक्त किया गया तथां प्रतियोगिता का संचालन किया गया।इस मौके पर प्रमुख रूप से डॉ विकास मिश्रा , डॉ मधु यादव, डॉ रूचि गुप्ता, डॉ मनोज रहे।अर्गेनाइजेशन की सेक्रेटी डॉ रजनी सिंह ने माइक्रोबायोलॉजी के सभी संकायो एवं स्टॉफ का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मीरापुर की जीत पर रालोद ने एक दूसरे का मुंह कराया मीठा

बीपीएस न्यूज

कानपुर।राष्ट्रीय लोकदल द्वारा विधानसभा मीरापुर मुजफ्फरनगर पर चुनाव की जीत मिथलेश पाल ने अपने नाम की है उस क्षेत्र की जनता जो मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने के बावजूद वहां की जनता ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह पूर्व प्रधानमंत्री व चौधरी अजित सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री को याद करते हुए राष्ट्रीय लोकदल की नीति और रीति को ख्याल में रखते हुए चौधरी जयन्त सिंह केंद्रीय मंत्री के हाथों को मौजूद किया और 30426 मतों से विजई घोषित हुई सपा प्रत्याशी सुम्बुल राणा ने एक भी बूथ पर रालोद के प्रत्याशी को नहीं हरा सकीं मिथलेश पाल की जीत घोषित होते ही राष्ट्रीय लोकदल के नेताओं में और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी नेताओं जनता को लोग रोक कर मिठाई वितरण किया जनता ने भी मिथलेश पाल को मीरापुर से विजई होने की बधाई दी मिष्ठान वितरण करने वालों में सुरेश गुप्ता प्रांतीय उपाध्यक्ष मोहम्मद उस्मान महानगर अध्यक्ष नीरज सिंह चंदेल एडवोकेट महामंत्री रॉबिल गुप्ता कोषाध्यक्ष आदि थें।

# 27 को राज्य महिला आयोग की सदस्य करेंगी जनसुनवाई



बीपीएस न्यूज

कानपुर। राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी 27 नवम्बर, 2024 को जिले में जनसुनवाई करेंगी।वह सर्किट हाउस सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम में महिलाओं की समस्याएं सुनेंगी। इसकी जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी जयदीप सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने तथा फरियादियों की सहूलियत के लिए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की तरफ से सदस्य पूनम द्विवेदी सुनवाई करेंगी। जिले के सर्किट हाउस में जनपद के जिलाधिकारी की तरफ से नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस आयुक्त अथवा उनकी ओर से नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष एवं जिले को संबंधित थाने के सभी सहायक पुलिस आयुक्त के साथ महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा, महिला जनसुनवाई एवं निरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।इसी क्रम में 27 नवम्बर को पूर्वाह्न 11:00 बजे महिला जनसुनवाई की जानी है। इसमें पूनम द्विवेदी की अध्यक्षता में जनपदीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक 27 नवम्बर को सुबह 11:00 बजे से होगी।इन अपराधों पर होगी सुनवाई महिला उत्पीड़न, दहेज उत्पीड़न, पुलिस उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, बलात्कार, कन्याभ्रूण, गर्भपात, यौन उत्पीड़न, दहेज हत्या, मानव तस्करी, बाल विवाह, एसिड अटैक आदि अपराधों पर होगी सुनवाई।ऐसे करें शिकायत पीड़ित एक प्रार्थना पत्र पर संबंधित घटना का जिक्र करते हुए अपनी एक पत्र की फ़ोटो कॉपी लगाए।

# 123 परीक्षा केंद्र बनाए गए, एसडीएम और एसीएम करेंगे सभी का सत्यापन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। यूपी बोर्ड परीक्षा का टाइम टेबिल आने के साथ ही जिले में केंद्रों और उनकी व्यवस्था पर प्रशासन को बैठक जारी है। इस बार परिषद ने 123 केंद्र निर्धारित किए है। इसके अलावा 29 लोगों ने ये भी कहा है कि हमारे स्कूल को भी परीक्षा का केंद्र बनाया जाना चाहिए। इसको लेकर मंथन किया जा रहा है।डीआईओएस अरुण कुमार ने बताया कि परिषद की ओर से जितने भी केंद्र बनाए गए है, उनका सत्यापन चार एसडीएम और एसीएम की टीम कर रही हैं।इसके अलावा जिन्होंने सेंटर बनाने पर आपत्ति जताई है उनका भी सत्यापन किया जा रहा है। इसका सत्यापन पूर्ण होने के बाद 26 नवंबर को जिलाधिकारी इस पर बैठक कर आगे की रूप रेखा तैयार करेंगे। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में तय किया जाएगा कि किस विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया जाए या किसे न बनाया जाए।इसके अलावा जिन लोगों ने सेंटर दूर बनाए जाने की आपत्ति दर्ज कराई है उन पर भी मंथन किया जाएगा। इस बार हाई स्कूल की परीक्षा में कुल 45906 विद्यार्थी शामिल होंगे। हर पाली में 380 से 500 विद्यार्थी एक केंद्र में शामिल होंगे। पिछले साल 50434 विद्यार्थियों ने फॉर्म भरा था। वहीं, इंटर में 46883 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे, जबकि पिछली साल 45687 विद्यार्थी शामिल हुए थे।

# स्कूली बच्चों ने अपनी रचनात्मक सोच का किया अद्भुत प्रदर्शन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। अकिन चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल में एक आकर्षक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का अद्भुत प्रदर्शन किया। छात्रों द्वारा बनाए गए विभिन्न मॉडलों ने सभी अभिभावको का ध्यान खींचा।

रोबोट, रिमोट से चलने वाली कारें, और चंद्रयान जैसे आकर्षक मॉडलों ने प्रदर्शनी में चार चाँद लगा दिए।आज के मुख्य अतिथि कर्नल जाहिद सिद्दीकी रहे। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने स्कूल के इस प्रयास की प्रशंसा की और बच्चों को आगे भी इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रिंसिपल श्रुति खत्री ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ पाठ्येतर गतिविधियाँ बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि अकिन चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल इस क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ स्कूल होने के नाते, बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न पाठ्येतर गतिविधियों के अवसर भी प्रदान करता है। यह प्रदर्शनी इसी दिशा में एक और क़दम है।इस प्रदर्शनी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि अकिन चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। स्कूल के इस प्रयास को सभी अभिभावकों और शिक्षाविदों ने सराहा है।

# समाजसेवी मोहिनी राठौर को मिला देश रत्न अवॉर्ड



बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर की विख्यात गौशाला संचालक राघव शुक्ला एवं समाजसेवी मोहिनी राठौर को प्रख्यात उद्योगपति पद्म भूषण रतन टाटा की पावन स्मृति में 22 नवम्बर को दूरदर्शन भवन में भारत सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में देश रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।यह सम्मान दोनों को समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर विशेष असाधारण कार्य अनवरत करने के लिए दिया गया। समाज सेवी राघव शुक्ला को श्री राघव गोवर्धन गौशला समिति चलाते हैं।इनकी गायो के प्रति प्रेम को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रभारी मंत्री श्याम जाजू और श्रम एवं सेवायोजन मंत्री रघुराज सिंह ने देश रत्न के अवॉर्ड से सम्मानित किया।इनके साथ ही समाजसेवी मोहिनी राठौर को भी सम्मानित किया गया। सम्मान में ताम्रपत्र, पदक एवं प्रमाण पत्र दिया गया। समारोह में मुख्य रूप से प्रसिद्ध उद्यमी और नेल्सन मंडेला पुरस्कार विजेता डॉ. संजीव शॉनी, प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता शाहबाज़ खान , 2020 के अर्जुन पुरस्कार विजेता और राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन दिव्या काकरान, भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय चौधरी और अधिकारी उपस्थिति रहे।

भारत सरकार द्वारा रतन टाटा जी की स्मृति में यह सम्मान अवार्ड उन लोगों को समर्पित किया गया है जिनके द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर विशेष आसाधारण कार्य किए जा रहे हैं।

# आओ जानें यातायात नियम बनायें, अपना और दूसरों का सफर सुरक्षित करें



बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कानपुर एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा यातायात माह के अवसर पर बिरहाना रोड स्थित ज्ञान भारती बालिका इंटर कॉलेज में सुरक्षित यातायात एक पहल जनजागरूकता अभियान के तहत सुगम यातायात एवं प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लखन शुक्ला मुख्य प्रशिक्षक आपदा प्रबंधन एवं मास्टर ट्रेनर रेडक्रॉस,और जुगवीर सिंह लांबा आपदा विशेषज्ञ द्वारा दिया गया कैंप का शुभारम्भ नीतू शर्मा कॉलेज प्रिंसिपल ने किया लखन शुक्ला ने बताया चालक तनिक सावधानी बरतें, तो शून्य दुर्घटना का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि परिवहन सुरक्षा बड़ी चुनौती है। रक्षात्मक ड्राइविंग ही इसका समाधान है। ट्रैफिक सिग्नल की जानकारी सभी को होनी चाहिए सड़क सुरक्षा से संबंधित अनुभव की साझेदारी की। इसमें ट्रैफ़िक पुलिस, सड़क संकेत, सिग्नल से जुड़ी यातायात नियंत्रण प्रणाली के बारे में बताया गया।चालकों को कहा गया कि गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट को जरूर बांधे।सड़क दुर्घटना में 400 लोग मरते है जिसका सबसे बड़ा कारन समय पर उन्हें फस्ट एड नहीं मिल पाती है यदि हम घायल को गोल्डन आवर में मदद दे दे तो यह 400 लोगो के मरने के आकड़े को कम किया जा सकता है यदि सड़क पर यातायात नियमो का पालन करते हुए वाहन चलाय तो दुर्घटना को कम किया जा सकता है वाहन चलाते समय नशा न करे,मोबाईल का प्रयोग न करे, नशे की स्थिति में ड्राइविंग न करे , गति नियंत्रित रखे गलत दिशा में वाहन न चलाये गलत तरह से गाड़ी ओवर टेक न करे सड़क सुरक्षा नियमो का पालन करे एक्सीडेंट में घायलों की मदद करे सबसे पहले रक्तस्राव को रोके।

शीतकालीन मौसम में विशेष ध्यान दें-*फॉग के समय वाहन की रफ्तार नियंत्रित रखें।पार्किंग लाइट का उपयोग करें।आगे और पीछे चल रहे वाहनों से पर्याप्त दूरी बनाए रखें।कम विजिबिलिटी में अधिक सतर्क रहें। यातायात नियमों का पालन कर अपना और दूसरों का सफर सुरक्षित बनाएं।

# फार्मर रजिस्ट्री का कार्य निर्धारित समयावधि 18 नवम्बर से 31 दिसम्बर

कानपुर। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि एग्रीस्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर) के अन्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री का कार्य निर्धारित समयावधि (दिनांक 18 नवम्बर, 2024 से 31 दिसम्बर, 2024 तक) में शतप्रतिशत पूर्ण किये जाने हेतु 02 प्रक्रियात्मक चरणों में कियान्वित किया जायेगा। फार्मर रजिस्ट्री कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण है, जिसको दृष्टिगत रखते हुये भारत सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि दिसम्बर, 2024 के बाद पी0एम0 किसान योजनान्तर्गत अग्रेतर मिलने वाली किश्त हेतु सम्बन्धित कृषक का फार्मर रजिस्ट्री होना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण (दिनांक 18 नवम्बर, 2024 से प्रारम्भ) के अन्तर्गत सेल्फ मोड में कृषक इस योजना हेतु बनाये गये वेब पोर्टल एवं निरूपित किये गये मोबाइल एप के माध्यम से स्वयं रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। सेल्फ मोड के साथ-साथ कृषक जनपदों में संचालित जनसुविधा केन्द्रों का प्रयोग करते हुये निर्धारित शुल्क देकर इसको करा सकेंगे।द्वितीय चरण (दिनांक 25 नवम्बर, 2024 से प्रारम्भ) के अन्तर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर कैम्प का आयोजन कर वेब पोर्टल/मोबाइल ऐप का प्रयोग करते हुये इस कार्य को कराया जायेगा।फार्मर रजिस्ट्री हेतु कृषक द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले अभिलेख-1. आधार कार्ड एवं आधार पंजीकृत मोबाईल नम्बर 2. खतौनी की प्रति*फार्मर रजिस्ट्री से लाभ-1. कृषकों को फसली ऋण एवं फसल बीमा की क्षतिपूर्ति तथा आपदा राहत प्राप्त करने में सुगमता।2. कृषकों को समय से वांछित परामर्श, विभिन्न संस्थाओं द्वारा कृषकों से सम्पर्क के अवसर में वृद्धि के साथ साथ नवोन्मेषी कार्यकमों के विस्तार में सफलता।3. फार्मर रजिस्ट्री का प्रयोग कृषि के साथ साथ अन्य सम्बन्धित विभाग जिसमें गन्ना, उद्यान, मत्स्य, खाद्य एवं विपणन आदि के द्वारा अपने योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु किया जा सकेगा तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पाद के विपणन में सुगमता होगी।

# आठ साल की मासूम से मजदूर ने किया दुष्कर्म

## • भीड़ ने आरोपी को पकड़कर पीटा, पुलिस को सौंपा

कानपुर। बिठूर थाना क्षेत्र में शनिवार को आठ साल की मासूम से 19 साल के मजदूर ने दुष्कर्म किया। मासूम के शोर मचाने पर मजदूर भागा तो ग्रामीणों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और पीटने के बाद पुलिस को सौंप दिया। बिठूर थाने की टिकरा चौकी क्षेत्र में रहने वाली आठ साल की मासूम गांव के ही एक स्कूल में कक्षा तीन में पढ़ती है।

परिजनों ने बताया कि छात्रा दोपहर करीब तीन बजे स्कूल से घर लौट रही थी। रास्ते में सुनसान जगह पर गांव में ही रहने वाला मजदूर हसन उसे जबरदस्ती उठाकर पास के एक खाली प्लॉट में ले गया। वहां छात्रा का मुंह दबाकर दुष्कर्म किया। छात्रा के शोर मचाने पर उधर से गुजर रहे ग्रामीण पहुंचे तो आरोपी भागने लगा। ग्रामीणों ने दौड़ाकर आरोपी को पकड़ लिया और जमकर पीटा। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों ने छात्रा को घर पहुंचाया। वहां मासूम ने परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद पिता थाने लेकर पहुंचे और तहरीर दी। बिठूर थानाप्रभारी प्रेमनरायन विश्वकर्मा ने बताया मामले में दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

# सीसामऊ में 49.13 प्रतिशत मतदान, कई जगह कहासुनी और विवाद






**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कानपुर में सीसामऊ सीट पर शाम छह बजे तक 49.13 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस सीट परभाजपा से सुरेश अवस्थी, सपा से नसीम सोलंकी, बसपा से वीरेंद्र शुक्ला और दो निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में थे। इनका भाग्य 2.71 लाख मतदाताओं ने तय कर दिया है। 23 नवंबर को मतगणना होगी।

कानपुर में ग्वालटोली थाना क्षेत्र के मकबरा मोहल्ले में बैरिकेडिंग करके रास्ता बंद किया गया। समाजवादी पार्टी की नेता नीलम रोमिला सिंह ने विरोध किया। उनके साथ मौजूद समर्थकों ने जमकर हंगामा किया।

कानपुर में सीसामऊ उपचुनाव में प्रत्याशी जीतने के लिए हर तरीका अपना रहे हैं। इसी दौरान चमनगंज के एक पोलिंग बूथ में नसीम सोलंकी के साथ चल रही गाड़ी का पकड़ा। इसमें मतदाता की पर्ची बनाई जा रही थी। पुलिस ने तीन लोगों का पकड़ा और पूछताछ व चेकिंग के बाद छोड़ दिया।

कानपुर में वोट न डालने देने के मामले का आयोग ने लिया संज्ञान। एसआई अरुण सिंह और राकेश नादर निलंबित किए गए। मतदाता को वापस करने का वीडियो वायरल हुआ था। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की शिकायत के बाद कार्रवाई हुई है।

जीआईसी चुन्नीगंज चौराहे पर सुरेश अवस्थी की गाड़ी पर पत्थर चला दिया गया। इसको लेकर कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए और जमकर हंगामा किया।

कानपुर में राजकीय इंटर कॉलेज चुन्नीगंज में मतदान के दौरान भाजपा नेता धरने पर बैठ गए। भाजपा नेता मनोज सिंह ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों को पुलिस बिना पूछताछ किए अंदर जाने दे रही है। इसके विरोध में वह समर्थकों संग बूथ के अंदर बैठकर नारेबाजी करने लगे। इससे अफरा-तफरी मच गई।

**मतदान करने से रोकने पर भाजपाइयों का हंगामा**

भाजपा ने सिविल लाइंस स्थित दयानंद हंसमुखी देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज में मतदाताओं को वोट न डालने का आरोप लगाया है। इसको लेकर पार्षद अंकित मौर्य व अन्य कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया है। साथ ही, पीठासीन अधिकारी से उनकी बहस भी हुई है। मौके पर बड़ी संख्या में भाजपाई पहुंचे हैं। मुस्लिम महिलाओं ने आधार कार्ड के बावजूद वोट न डालने देने का लगाया आरोप। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लोगों को समझने में जुटे हैं।

हंगामें की सूचना पर भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी भी मौके पर पहुंचे हैं। उन्होंने अधिकारियों से बातचीत कर निष्पक्ष चुनाव करवाने को कहा है।

सीसामऊ उपचुनाप में सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी क्षेत्र में घूमकर जायजा लेने निकली हुईं हैं। इस बीच उन्होंने पुलिस पर कई जगह पर्ची फाड़ने का आरोप लगाया है।

वहीं, हलीम पुलिस चौकी के पास कॉम्पिटेटिव विद्यालय के पास महिला मतदाताओं ने नसीम से बच्चों को मारने की शिकायत की। इसको लेकर पुलिस और नसीम के बीच बहसबाजी भी हो गई। नसीम ने निष्पक्ष चुनाव और सहयोग करने को कहा है।

सीसामऊ उपचुनाव में कई मतदान केंद्रों के पास खड़े लोगों को फोर्स ने दौड़ाकर भगाया है। इसको लेकर सपा विधायक अमिताभ बाजपेई का कहना है कि पुलिस और अन्य बल मतदाताओं को भगा रहे हैं, ताकि वोटिंग न कर सकें।

सपा ने आरोप लगाया है कि पुलिस द्वारा मतदाताओं को वोट डालने से रोका जा रहा है। पहचान पत्र चेक करने के नाम पर परेशान किया जा रहा है। चुनाव आयोग से संज्ञान लेकर निष्पत्र मतदान सुनिश्चित करने की मांग की गई है। वहीं, बूथों पर पहुंच रहे मतदाताओं का कहना है कि अधिकारी कह रहे हैं कि आपका आधार कार्ड लिंक नहीं है। वोट डालने से मना किया जा रहा है, धक्का-मुक्की करके भगाया जा रहा है। पुलिस लोगों को डरा रही है, ताकि वोटिंग करने जा सकें।

**शरारती तत्वों को रेडकार्ड नोटिस**

1000 शरारती तत्वों को रेडकार्ड नोटिस भी जारी किए गए हैं।

आला अधिकारियों ने बताया कि सोशल मीडिया की मॉनीटरिंग के लिए डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव की टीम को लगाया गया है। पुलिस अधिकारियों ने मतदाताओं से बढ़-चढ़कर वोटिंग करने के लिए कहा है। मतदाता केंद्र पर मतदाताओं के लिए पेयजल और पार्किंग का इंतजाम किया जाएगा। बुजुर्गों को विशेष पहचान पत्र, विशेष वाहन की सुविधा दी जाएगी।

# अफवाह या झूठी खबर पर ध्यान न देकर मतदान करने की अपील

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सीसामऊ विधानसभा उपनिर्वाचन में मतदान शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व सकुशल सम्पन्न कराया जा रहा है। जिलाधिकारी कानपुर व पुलिस उपायुक्त सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी द्वारा मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सर्व-संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण को मतदान प्रक्रिया को सुचारू एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए मतदान के दौरान किसी भी अराजकता को रोकने के लिए असमाजिक तत्वों की कड़ी निगरानी की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले आम जनमानस से अपील की जा रही है। किसी भी अफवाह या झुठी खबर पर ध्यान न देकर आप सभी मतदान करे।

# कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश



कानपुर। सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत, पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा थाना क्षेत्र कर्नलगंज, बजरिया, एवं ग्वालटोली के अंतर्गत बैरियर ड्यूटी और पिकेट ड्यूटी का निरीक्षण किया गया। संबंधित पुलिस कर्मियों को सतर्कता बरतने और चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

# स्टेशन पर लड्डू में मिलाकर जहरीला पदार्थ खिलाया, अधेड़ को शिकार बनाया



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जहरखुरानी का शिकार हुआ पंजाब के पीड़ित व्यक्ति को उसके परिवार से मिलाया गया। पीड़ित अंबाला से बोरेबली अपने दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए जा रहा था। कानपुर सेंट्रल स्टेशन में उतरते ही उसको जहरखुरानी का शिकार बना लिया गया। बेहोशी की हालत में पुलिस ने उर्सला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। यहां पर शहर के समाजसेवी सरदार तरनजीत सिंह ने उसके परिवार की तलाश की और उसकी पत्नी को इसकी जानकारी दी। करीब 4 दिन पर परिवार को लोग कानपुर पहुंचे और पीड़ित को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उसे वापस अपने घर ले गए। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। इसके चलते उनको घर तक पहुंचाने का खर्च भी उन्होंने खुद उठाया। अंबाला निवासी रणजीत सिंह (45) 30 अक्टूबर को अंबाला से बोरेबली ट्रेन से जा रहे थे। रणजीत संगीत के शिक्षक है और गुरुद्वारे में कीर्तन करते है। रणजीत के मुताबिक वह कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर उतरे तो उन्हें एक युवक ने लड्डू खिलाया। इसके बाद वह बेहोश हो गए। उनकी जेब में रखें पैंसे भी वो युवक ले गया। इसके बाद जीआरपी पुलिस में तैनात प्रवीण नाम के एक जवान ने उसे उर्सला अस्पताल की इमरजेंसी भी भर्ती करा दिया। यहां पर लावारिस लोगों को खाना खिलाने के लिए आने वाले तरनजीत सिंह ने उसकी सुध ली। करीब सवा साल पहले तरनजीत सिंह ने कानपुर के मंडलायुक्त अमित गुप्ता को पत्र लिखकर जहरखुरानियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद अभियान चला और जहरखुरानी का एक गिरोह पकड़ा गया था।

# भाजपा प्रत्याशी की गाड़ी पर पथराव, वोटर्स को रोकने पर दो दरोगा सस्पेंड

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में आठ घंटे के अंदर 5 बड़े बवाल हुए। वोटर्स का रास्ता बंद करने तो कहीं पर लाठी चार्ज करने और खदेड़ने का आरोप है। सपा प्रमुख अखिलेश के ट्वीट के बाद दो दरोगाओं पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सस्पेंड कर दिया गया।

इसके साथ ही बीजेपी प्रत्याशी सुरेश अवस्थी ने पथराव करने का आरोप लगाया तो कुछ बीजेपी नेता मतदान में अनियमितता का आरोप लगाकर धरने पर बैठ गए। चुनाव शुरू होने के बाद से लगातार कानपुर में हंगामा और झड़प का दौर जारी है। ग्वालटोली थाना क्षेत्र के वीआईपी रोड मकबरा मोहल्ले में बैरिकेडिंग लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया। वोटर्स ने आरोप लगाया कि उनका बस्ता बाहर नहीं लगने दिया जा रहा है। इसके साथ ही बैरिकेडिंग लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया है।

किसी को भी वोटर्स को बाहर नहीं जाने दिया जा रहा है। इससे मकबरा मोहल्ले के हजारों लोग मतदान नहीं कर पा रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पुलिस कर्मियों के वोटर्स का रास्ता रोकने का वीडियो एक्स पर पोस्ट कर दिया। इसके बाद चुनाव आयोग और पुलिस कमिश्नरेट ने संज्ञान लेते हुए ड्यूटी पर तैनात कल्याणपुर थाने के दरोगा अरुण कुमार सिंह और दरोगा राजेश कुमार को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया। इस मामले में सपा नेत्री नीलम रोमिला सिंह भी मौके पर पहुंची थीं और पुलिस कर्मियों से बैरिकेडिंग हटाने को लेकर जमकर झड़प हुई। इसके बाद भी पुलिस ने रास्ता नहीं खोला और उनका बस्ता मेन रोड पर नहीं लगने दिया। चुन्नीगंज स्थित जीआईसी मतदान केंद्र पर भाजपा नेता मनोज सिंह अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। उनका आरोप था कि फर्जी मतदान और धांधली की जा रही है। उनके बूथ एजेंट ने विरोध किया तो बाहर निकाल दिया गया।

# एडीसीपी ट्रैफिक ने शराब पीकर तेज वाहन न चलाएं जाने की अपील की

कानपुर। यातायात नियमों का पालन करें, यातायात नियम आपकी सुरक्षा व सुविधा के लिए है। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का प्रयोग करें। शराब पीकर व निर्धारित गति से तेज वाहन न चलाएं। गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें एवं नाबालिग बच्चों को गाड़ी चलाने को न दें। यातायात नियमों का पालन कर अपना सफर व दूसरों का सफर सुरक्षित व सुगम बनायें।

# परिवार नियोजन कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की अहम भूमिका : डा संजू अग्रवाल

**-पीएसआई इंडिया के सहयोग से निजी अस्पतालों के साथ संवाद**

कानपुर। निजी क्षेत्र में परिवार नियोजन कार्यक्रमों को सुदृढ़ बनाने के सिलसिले में स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को निजी अस्पतालों के साथ संवाद किया । स्वास्थ्य विभाग के तत्वधान में इस संवेदीकरण बैठक का आयोजन स्वयंसेवी संस्था द चैलेंज इनिशिएटिव – पीएसआई इंडिया के सहयोग से हुआ। बैठक की अध्यक्षता कर रहीं चिकित्सा स्वास्थ्य एवं कल्याण, कानपुर मंडल की अपर निदेशक (एडी हेल्थ) डॉ संजू अग्रवाल ने कहा की मध्यम वर्गीय परिवारों को परिवार नियोजन कार्यक्रम से जोड़ने में निजी क्षेत्र के अस्पताल अहम भूमिका निभा सकते हैं । ऐसे परिवारों के योग्य दंपति को 'बॉस्केट ऑफ च्वाइस' के सभी साधनों की जानकारी देने के साथ उन्हें सेवा दिलाई जाए । साथ ही जो लोग निजी क्षेत्र से सेवा ले रहे हैं उनकी रिपोर्ट भी स्वास्थ्य विभाग से साझा की जाए ।परिवार नियोजन कार्यक्रम के जनपदीय नोडल व एसीएमओ डॉ रमित रस्तोगी ने निजी अस्पतालों से अपील की कि वह परिवार नियोजन की सेवाओं को सुदृढ़ बनाएं और प्रत्येक सेवा की रिपोर्टिंग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि निजी अस्पताल सेवा प्रदान करने के साथ साथ उसकी प्रतिमाह रिपोर्टिंग भी करें जिससे जिले में परिवार नियोजन सेवाओं की वास्तविक स्थिति का आंकलन किया जा सके और जिले का सूचकांक भी बेहतर हो । निजी और सरकारी क्षेत्रों का सही डेटा मिलने से नीति निर्माताओं को भी आवश्यकतानुसार कदम उठाने में मदद मिलती है और इससे परिवार नियोजन सेवाएं सुदृढ़ होंगी । डॉ रस्तोगी ने कहा कि परिवार नियोजन से सम्बन्धित आईईसी सामग्री (पोस्टर-बैनर) को निजी चिकित्सालयों में निर्धारित स्तर पर प्रदर्शित किया जाए और काउंसिलिंग के दौरान उनका इस्तेमाल किया जाए। प्रसूति एवं स्त्री रोग सोसायटी की आगामी बैठकों में सहभागिता सुनिश्चित की जाए। इस दौरान पीएसआई इंडिया संस्था की प्रतिनिधि शुभ्रा द्विवेदी ने निजी क्षेत्र में परिवार नियोजन कार्यक्रम की स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने एचएमआईएस पोर्टल पर समय से रिपोर्टिंग और परिवार नियोजन रजिस्टर के प्रति भी संवेदीकरण किया । इस मौके पर करीब 50 से अधिक निजी अस्पतालों की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों सहित स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय टीम मौजूद रही । रजिस्टर रखें मेंटेन निजी चिकित्सालयों के नोडल व एसीएमओ डॉ सुबोध प्रकाश ने कहा कि फैमिली प्लानिंग रजिस्टर में निजी क्षेत्र के सेवा प्रदाता अपना रिकॉर्ड मेंटेन करें और उसे ही स्वास्थ्य विभाग को पोर्टल के जरिये भी भेजें । दंपति को यह संदेश अवश्य दिया जाए कि इमर्जेंसी पिल्स का इस्तेमाल कम से कम करना है । बच्चे की चाहत न रखने वाले दंपति आईयूसीडी, कंडोम, छाया, अंतरा, माला एन जैसे किसी न किसी साधन का इस्तेमाल अवश्य करें। 6.8 फीसदी है जिले की अनमेट नीड नोडल अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएचएफएस)-पांच के आंकड़ों के अनुसार कानपुर नगर जिले का अनमेंट नीड6.8 फीसदी है । इसका आशय है कि हर 100 में 6 से 7 महिला या पुरुष ऐसे हैं जो परिवार नियोजन का साधन अपनाना चाहते हैं लेकिन इन साधनों की जानकारी या पहुंच उन तक नहीं है । यह पहुंच बनाने में निजी क्षेत्र की भी अहम भूमिका है ।

# विश्व मत्स्य दिवस पर गंगा टास्क फोर्स ने चलाया जागरूकता अभियान

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।भारतीय सेना की 137 सी ई टी एफ बटालियन टी ए 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स ने विश्व मत्स्य दिवस के अवसर पर अटल घाट कानपुर मे संजय ज्योति विद्या मंदिर के विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केपी वर्मा प्रधानाचार्य संजय ज्योति विद्या मंदिर के उपस्थित रहे। गंगा टास्क फोर्स के कमान अधिकारी कर्नल अरविंद प्रसाद एस और कानपुर स्थित कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल अनूप कुमार ओझा के दिशा निर्देश पर विगत 6 सालों से गंगा स्वच्छता अभियान,पौधा रोपण, घाटों की गश्त, जागरूकता अभियान निरंतर कर रही है। इस अवसर पर गंगा टास्क फोर्स के सूबेदार ललित मोहन ने अटल घाट पर उपस्थित विद्यालय के छात्र छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि विश्व मत्स्य दिवस प्रतिवर्ष 21 नवंबर को मनाया जाता है भारत विश्व में मछली का चौथा सबसे बड़ा मेरा देश है मछली पालन देश में एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है जिसका उद्देश्य टिकाऊ मछली पालन प्रबंधन को उजागर करना और विश्व भर के लाखों लोगों को खाद्य सुरक्षा और रोजगार प्रदान करने में छोटे पैमाने के मछुआरों की महत्वपूर्ण भूमिका की ओर ध्यान आकर्षित करना है।

# पुलिस ने वांछित अपराधी को धर दबोचा




कानपुर। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह के आक्रामक रुख से अपराधियों के हौसले पस्त दबोचा गया वांछित अपराधी सूचना के आधार पर दबिश देकर पुलिस ने वारंटी अपराधी को किया गिरफ्तार मामला शिवराजपुर थाना क्षेत्र का है। पकड़ा गया शातिर अपराधी चंद्रपाल राठौर है ।वारंटी अपराधी चंद्रपाल राठौर को कानूनी कार्यवाही के उपरांत माती न्यायालय भेजा जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक जंग बहादुर पटेल व सुनील सिजैरिया ने इस गिरफ्तारी को अंजाम दिया।

# एनएसआई में चरी से इथेनाल उत्पादन के लिए हुआ ब्वायलर पूजन

**• अधिक से अधिक मात्रा में इथेनाल का उत्पादन कर पेट्रोलियम पदार्थों पर विदेशों पर निर्भरता कम हो सके-प्रो. परोह**

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान एवं एडवांटा ग्रुप के मध्य चल रहे प्रोजेक्ट के अंतर्गत संस्थान के कृषि फार्म में मेगा स्वीट प्रजाति की चरी की बुवाई की गई थी। चरी से इथेनाल उत्पादन हेतु संस्थान स्थित शर्करा प्रयोगशाला में गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ब्वायलर पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। संस्थान की फैक्ट्री में 26 से 27 नवंबर तक मीठी चरी की पेराई प्रस्तावित है।

ब्वायलर पूजन कार्यक्रम के अवसर पर संस्थान की निदेशक, प्रो.सीमा परोहा ने कहा कि भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के तहत पेट्रोल में मिश्रण (ब्लेंडिंग) हेतु गन्ने के रस के अतिरिक्त कई अन्य फीड स्टाक्स से भी ईथेनाल का उत्पादन प्रस्तावित है। इस कड़ी में एक कदम उठाते हुये मीठी चरी से इथेनाल उत्पादन हेतु कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हमारा संयुक्त प्रयास है कि हम अधिक से अधिक मात्रा में इथेनाल का उत्पादन करें जिससे पेट्रोलियम पदार्थों हेतु विदेशों पर निर्भरता कम हो सके। डॉ.अशोक कुमार, सहायक आचार्य कृषि रसायन ने कहा कि संस्थान एडवांटा ग्रुप के साथ मीठी चरी से अधिक से अधिक मात्रा में इथेनाल उत्पादन पर जैव रसायन अनुभाग में स्थित नैनो प्लांट में जूस से इथेनाल बनाने के कार्य का परीक्षण चल रहा है। इस अवसर पर संजय चौहान, सहायक आचार्य शर्करा अभियांत्रिकी ने कहा कि शर्करा प्रयोगशाला में स्वीट सोरगम की पेराई के बाद गन्ने की पेराई का सत्र जनवरी माह से आरंभ होगा। शर्करा प्रयोगशाला संस्थान का महत्वपूरण अंग है जिसमें संस्थान में विविध पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रायोगिक जानकारी दी जाती है। यह न केवल भारत अपितु विश्व में अपने तरह की एकमात्र चीनी मिल है।

मिहिर मंडल, सहायक आचार्य शर्करा शिल्प व वीरेन्द्र कुमार, वरिष्ठ यंत्र अभियंता, अखिलेश कुमार पांडेय मुख्य अभिकल्पक आदि उपस्थित रहे।

# किसानों को गेहूं उत्पादन तकनीकी पर दिया प्रशिक्षण



कानपुर। सीएसए के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर कानपुर में अनुसूचित जाति उप योजना अंतर्गत कृषकों को गेहूं फसल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में योजना के नोडल अधिकारी डॉक्टर शशिकांत ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य कृषकों को कृषि संबंधी तकनीकी जानकारी देकर उनकी आय को बढ़ाना है। मृदा वैज्ञानिक डॉक्टर खलील खान ने बताया कि गेहूं की उन्नत प्रजातियां जैसे के 1317, के 1616 तथा डी बी डब्ल्यू 187 इस क्षेत्र के लिए उत्तम है। उन्होंने कृषकों को गेहूं फसल में संतुलित उर्वरक प्रबंधन की भी सलाह दी। केंद्र के प्रभारी डॉक्टर राजेश राय ने कृषकों को गेहूं फसल में जैव उर्वरकों के प्रयोग पर बल दिया। उद्यान वैज्ञानिक डॉक्टर अरुण कुमार सिंह ने वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई तकनीकियों के पालन हेतु किसानो को सलाह दी। श्री भगवान पाल एवं शुभम यादव ने सफल कार्यक्रम हेतु सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर 60 से अधिक किसान उपस्थित रहे।

# सांसद ने किया नवीन ब्रेल पुस्तकालय का फीता काट कर शुभारंभ

## -100 से अधिक दृष्टि दिव्यांग छात्र अपनी शिक्षा दीक्षा विद्यालय में नि:शुल्क कर रहे है



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। दृष्टि दिव्यांग छात्रों हेतु नवीन ब्रेल पुस्तकालय के उद्घाटन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद रमेश अवस्थी विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार रुंगटा, वरिष्ठ अधिवक्ता उच्चतम न्यायालय राष्ट्रीय महासचिव, (राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ नई दिल्ली), स्पर्श मल्होत्रा, चेयर पर्सन (यंग इंडियन संस्था) के द्वारा किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की दृष्टि दिव्यांग छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। आए हुए सभी अतिथियों का सम्मान प्रधानाचार्य इंद्रजीत सिंह के द्वारा किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि सांसद सुरेश अवस्थी के द्वारा दृष्टि दिव्यांग छात्रों को आशीष वचन दिए गए। साथ ही साथ विद्यालय के प्रबंध तंत्र एवं दृष्टिदिव्यांग छात्रों को अस्वस्थ किया की जो प्रधानमंत्री के भारत विकसित का सपना है उसको पूरा करने में इन दिव्यांग छात्रों की सहभागिता में जो भी कमी होगी उसको पूर्ण करने हेतु सरकार द्वारा मुहैया कराई जाएगी। विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार रूंगटा राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ नई दिल्ली ने मुख्य अतिथि तथा यंग इंडियन के संस्था को धन्यवाद ज्ञापन किया। आप सभी को यह भी अवगत कराना है कि उपरोक्त विद्यालय में 100 से भी अधिक दृष्टि दिव्यांग छात्र अपनी शिक्षा दीक्षा नि:शुल्क पूरी कर रहे है तथा आगे की पढाई हेतु भी संस्था उनकी मदद करती है 7 इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित स्पर्श मल्होत्रा, चेयर पर्सन (यंग इंडियन संस्था), कशिश, को-चेयर पर्सन, चारु मल्होत्रा, एक्सेसिबिलिटी चेयर पर्सन, लवी गुप्ता, एक्सेसिबिलिटी को-चेयर पर्सन, रोहित पुरी, नेशनल एक्सेसिबिलिटी चेयर पर्सन राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ शाखा उत्तर प्रदेश के महासचिव राम प्रकाश सिंह भदोरिया, सुरेश गुप्ता (मध्यांचल इकाई कानपुर), सूरज सिन्हा, अजय गुप्ता, समस्त शिक्षक / शिक्षिकाएं, समस्त स्टाफ, समस्त पूर्व एवं वर्तमान छात्र व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए।

## कानपुर। विवेक संग रानी का विवाह बड़े ही धूमधाम के साथ श्याम नगर स्थित श्री राज राजेश्वरी रिजॉर्ट में संपन्न हुआ।



# बाथरूम के विवाद में गोली चलने से एक की जान गई, डेढ़ साल बाद कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। चकेरी थाने में एक युवती ने पड़ोसी 6 के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। युवती का आरोप है कि वह अपने घर में बाथरूम बनवा रही थी जिसका पड़ोसियों ने विरोध किया। इसमें पड़ोसियों ने गोली चला दी। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई।

इस मामले युवती सीएमएम कोर्ट गई जहां से आदेश होने के बाद चकेरी थाने में एफआईआर दर्ज की गई। वहीं अधिकारी का दावा है कि जब घटना हुई थी। उसी समय आरोपियों के खिलाफ मुकदमा लिखकर जेल भेजा गया था।

युवती इस मामले में दूसरी एफआईआर लिखाना चाह रही थी। जबकि पुलिस ने उसी दर्ज मामले में उसे सम्मिलित होने को कहा था। पटेल नगर रेलवे क्रासिंग चकेरी निवासी युवती के मुताबिक उसके माता पिता अपने मकान में बाथरूम बनवा रहे थे। घर के सामने नाली व सीवर का चेम्बर है। जिसमें वह बाथरूम का पाइप चेम्बर में डला रही थी। इस पर पड़ोसी शिव सागर शुक्ला व उसके परिवार के लोगो ने विरोध करते हुये गाली गलौज और मारपीट की। शिव सागर शुक्ला अपनी लाइसेन्सी बंदूक को दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। युवती की मां ने इस घटना की शिकायत 6 जुलाई 2023 को थाने में भी की थी। मगर पुलिस ने पड़ोसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। युवती के मुताबिक 10 जुलाई 2023 को पीड़िता ने सभासद से पूछकर फिर से काम शुरू कराया। सुबह ग्यारह बजे शिव सागर शुक्ला अपने अन्य लोगों के साथ उशके घर में जबरन घुस आया। उसने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ की। जब वह चिल्लाकरौ बाहर भागी तो उसके कपड़े फाड़ दिए। इस दौरान शिव सागर के सभी परिजन पत्नी सरिता शुक्ला लाइसेन्सी बंदूक लेकर, कपिल उर्फ अनुराग, अवनीश व नित्या शुक्ला व अज्ञात ने लाठी डंडे के साथ मारपीट की। पीड़िता के मुताबिक आरोपी शिव सागर की पत्नी ने उसे लाइसेंसी बंदूक देकर कहा कि सबको गोली मार दो। शिव सागर ने पीड़िता पर फायर किया। वह हटी तो वहां काम कर रहे आदम के पेट में गोली लग गई। दूसरे फायर में पीड़िता के भाई पर किया वह भी बच गया मगर गोली रोड से अपने बच्चे पार कराने वाले संदीप विश्वकर्मा को लग गई जिसके उसकी मौत हो गई।

# स्कूली बच्चों ने समाज को प्लास्टिक न यूज़ करने के लिए किया प्रेरित



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। प्लॉगर्स व एनएलके पब्लिक स्कूल ने प्लास्टिक इस्तेमाल न करने के लिए किया जागरूक। नर्सरी से 5वीं क्लास तक के करीब 500 बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देकर समाज को प्लास्टिक इस्तेमाल न करने के लिए प्रेरित किया।

पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत अर्थ सेवर प्लास्टिक बैंड के नन्हें मुन्ने बच्चों ने पुरानी बाल्टी की थाप पर आरंभ है प्रचंड बोले मस्तकों का झुंड गीत के साथ शुरुआत की। इसके बाद सुनों गौर से दुनिया वालों... स्वच्छ भारत का इरादा... शिव तांडव की प्रस्तुतियों के साथ किया। कानपुर प्लॉगर्स की संस्थापिका संजीवनी शर्मा ने बताया कि आज के समय में सिंगल यूज प्लास्टिक आम आदमी के जीवन का हिस्सा बन चुकी है। हम अपने दिन की शुरूआत प्लास्टिक उत्पादों के साथ करते है। आंकड़ों की जानकारी देते हुए कहा कि हर मिनट में एक ट्रक प्लास्टिक हमारी नदियों में फेंका जा रहा है। प्लास्टिक इतनी जल्दी नहीं नष्ट होती, वह छोटे-छोटे पार्ट में बंट कर माइक्रो प्लास्टिक का रूप लेकर हमारे शरीर तक में जा रही है, जिससे लोगों कैंसर जैसी बीमारियों हो रही है।

मुख्य अतिथि के रूप में जम्मू कश्मीर के पूर्व डीजीपी महेंद्र सभरवाल, एडीसीपी ट्रैफिक अर्चना सिंह, एनएलके ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर डॉ अभिषेक चतुर्वेदी, अनूप कुमार द्विवेदी एडवोकेट, सचिता कूपर, कशिश, यशी दीक्षित, ज्योति पांडेय, मोना सब्बरवाल, नेहा मेहरोत्रा, ज्ञान सिंह, प्रियंका द्विवेदी, रुमा चतुर्वेदी, अर्चना मौजूद रहीं।

# सड़क पार करते समय बाइक की टक्कर से युवक की मौत

कानपुर। बिल्हौर के उत्तरीपुरा में शनिवार रात पैदल सड़क पार कर रहे एक युवक को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बिल्हौर थाना क्षेत्र के पूरा कस्बा निवासी 45 वर्षीय केसरी पाल पुत्र रघुनाथ पाल दुकान से पैदल घर जा रहा था। तभी कस्बे में जीटी रोड पर सड़क पार करते समय एक तेज़ रफ़्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। बाइक इतनी तेज थी की घटना के बाद एक दुकान के बाहर लगी जाली में जा घुसी। हादसे में केसरी पाल गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में घायल को उपचार के लिए नजदीकी निजी अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचाया।

जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही युवक के परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं घटना के बाद मामूली रूप से घायल बाइक सवार कस्बे के कुछ युवकों के सहयोग से बाइक सहित मौके से फरार हो गया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज के अनुसार घटना की जानकारी मिली है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

# पेट्रोल पंप के पास खड़ी सीएनजी बस में लगी आग

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। बर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत खड़ी सीएनजी बस में आग लग गई। कंट्रोल रूम में सूचना के बाद मौके पर दमकल की गाड़ी पहुंची। कुछ ही देर में मशक्कत करते हुए फायर कर्मियों ने बस में लगी आग को बुझा दिया। बस पेट्रोल पंप के नजदीक थी, समय पर फायर कर्मियों ने आग बुझाकर बड़ा हादसा होने से टाल दिया। किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

शहर के बर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बर्रा बाईपास के नजदीक बने पेट्रोल पंप के पास खड़ी सीएनजी बस में आग लग गई। रविवार की भोर तकरीबन 4-15 पर खड़ी सीएनजी बस में आग लगने की सूचना मिनी कंट्रोल रूम को मिली।

सूचना के बाद तत्काल फजलगंज फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ी मौके पर रवाना हुई। घटनास्थल पर फायर कर्मियों ने पहुंचते ही आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। तकरीबन 30 मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। एफएसओ ने बताया की बस में आग संभवत शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। नजदीक में ही पेट्रोल पंप था अगर ज्यादा तेजी से फैलती तो पेट्रोल पंप तक पहुंच सकती थी। समय पर आग बुझाये जाने से बड़ा हादसा टल गया। किसी भी तरह की कोई जन हानि नहीं हुई है।

# ब्यूटिशियन और सिलाई की बुनियादी तकनीकों की दी गई ट्रेनिंग




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। नव चेतन महिला समिति ने महिलाओं और बच्चों के विकास के क्षेत्र में एक और अहम कदम उठाया है। समिति ने हाल ही में अपने बेसिक ब्यूटीशियन और सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया, जिसमें 50 छात्रों को प्रमाण पत्र प्राप्त हुए और 38 लड़कियों को रोजगार के नए अवसर भी मिले। यह कार्यक्रम समिति की संस्थापक नीतू गुप्ता नेतृत्व में एवं उपाध्यक्ष, ज्योति सिंह के संचालन में आयोजित किया गया था और इसमें अनुष्का गुप्ता (ब्यूटीशियन प्रशिक्षक) और ज्योति वर्मा (सिलाई प्रशिक्षिका) द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मंजू सिंह ने भाग लिया और समापन समारोह में उपस्थित सभी छात्रों को बधाई दी। समिति के प्रयासों के तहत यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय महिलाओं और लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, ताकि वे ब्यूटी और फैशन उद्योग में अपने करियर को आगे बढ़ा सकें और अपनी आर्थिक स्थिति को सशक्त बना सकें। इस कार्यक्रम में ब्यूटीशियन और सिलाई की बुनियादी तकनीकों की ट्रेनिंग दी गई, जिससे छात्रों को इन क्षेत्रों में पेशेवर कौशल हासिल हुआ। मुख्य अतिथि, मंजू सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, यह बहुत खुशी की बात है कि नव चेतन महिला समिति ने इतने उत्कृष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्था की है। इससे न केवल लड़कियों को कौशल मिलेंगे, बल्कि यह उन्हें आत्मनिर्भर बनने के अवसर भी प्रदान करेगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उसी दिशा में एक कदम और आगे बढ़ने का प्रयास था। हमें गर्व है कि 38 लड़कियां इस प्रशिक्षण के बाद रोजगार प्राप्त करने में सफल रही हैं, जो उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है।

विज्ञापन कार्यालय-130/ 4 - बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर
नवीन गुप्ता
(विज्ञापन प्रतिनिधि)



बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941

NEW SAHU FAMILY RESTAURANT
638y-1, Block Kidwai Nagar
Near -Dasu Kunwa Chauraha Noubasta Kanpur
Owner Management
Suresh Sahu
M.-8303637506, 9792526852
Web .site--www.sahufamilyrestaurant.com








बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502, व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।